नवरात्रि, गुड़ीपड़वा, हिन्दू नववर्ष एवं चेट्रीचंड्र की अनंत शुभकामनाएं...

# दिव्य आकाश

यत्र नारी पूज्यंते
तत्र रमंते देवता:

शुभ नवरात्रि

सुविचार
एक सुखद जीवन के लिए मस्तिष्क में सत्यता और हृदय में पवित्रता जरूरी है।

कोरबा से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रथम बहुरंगी साप्ताहिक अखबार

वर्ष-14,अंक -51 | कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 05 से 11 अप्रैल 2024 | पृष्ठ-8 मूल्य ₹ 3.00

## पीएम मोदी सोमवार को बस्तर में करेंगे चुनावी-सभा

**जगदलपुर ( एजेंसी )।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को छत्तीसगढ़ दौरे पर पहुंच रहे हैं। जगदलपुर के छोटे से गांव आमाबाल में दोपहर करीब 12 बजे उनकी जनसभा होगी। वे बस्तर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार महेश कश्यप के लिए प्रचार करेंगे। पीएम के दौरे को देखते हुए एक लाख लोगों की भीड़ जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। छोटे आमाबाल भानपुरी सड़क से करीब 8 किमी की दूरी है। यह इलाका भाजपा के दिवंगत नेता बलिराम कश्यप और कश्यप परिवार का कहा जाता है। इसलिए यहां मोदी की गारंटी गिनाने और ग्रामीण वोटर्स को साधने के लिए पीएम की सभा की जा रही है।

**सीएम और कई मंत्री भी होंगे शामिल**

मोदी की इस सभा में सीएम विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, मंत्री ओपी चौधरी, केदार कश्यप समेत अन्य मंत्री शामिल होंगे। विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के लिए समय जोगी बिठाई की रस्म भी इसी गांव के जोगी करते हैं।

**3 हजार से ज्यादा जवानों की तैनाती**

ग्रामीण क्षेत्र में मोदी की सभा को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। एसपीजी के अलावा सीजी पुलिस के करीब 3 हजार से ज्यादा जवानों की तैनाती की गई है। सैकड़ों सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके साथ ही बीडीएस और डॉग स्क्वायड की टीमें भी तैनात हैं। 3 से 4 लेयर की सुरक्षा में घेरा बनाया गया है।

**सबसे अधिक बार बस्तर आने वाले मोदी पहले पीएम**

भाजपा ने यहां मोदी की सभा को लेकर 3 विशाल डोम बनाए हैं। मंत्री ओपी चौधरी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि, पीएम मोदी का बस्तर से बहुत गहरा नाता है। बस्तर में सबसे अधिक बार विजिट करने वाले देश के पहले प्रधानमंत्री हैं। पूरे कार्यकर्ता और लोग मोदी को सुनने उत्साहित हैं।

## गुरुद्वारे में मोजा-टोपी पहनकर गए भूपेश बघेल

**राजनांदगांव ( एजेंसी )।**



राजनांदगांव लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व सीएम भूपेश बघेल शनिवार को गुरुद्वारे में मोजा और सिर पर टोपी लगाए पहुंच गए। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सिख समुदाय विरोध जता रहा है। दरअसल, भूपेश बघेल चुनावी प्रचार-प्रसार के दौरान राजनांदगांव के बाघनदी पहुंचे थे, जहां गुरुद्वारा में भी मत्था टेकने गए। उनके साथ डोंगरगांव विधायक दालेश्वर साहू और कांग्रेस कार्यकर्ता भी थे। सभी कार्यकर्ताओं ने भी मोजा पहने हुए सिर को बिना ढके गुरुद्वारे में प्रवेश किया।

# कांग्रेस को जम्मू-कश्मीर से 370 हटने का दुःख-मोदी

### कश्मीर की चर्चा उसे पसंद नहीं, केंद्रीय एजेंसियों पर टीएमसी हमले करवा रही

**कोलकाता ( एजेंसी )।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को बिहार के नवादा में रैली करने के बाद दोपहर 2.30 बजे पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी पहुंचे। यहां उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया। 30 मिनट की स्पीच में पीएम ने टीएमसी, कांग्रेस और भ्रष्टाचारियों पर निशाना साधा।

मोदी ने खड़गे के कश्मीर को लेकर दिए बयान का भी जवाब दिया। मोदी ने कहा- कल (6 अप्रैल) कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, मोदी दूसरे राज्यों में कश्मीर की बात क्यों करते हैं। उनके लिए कश्मीर कुछ नहीं है लेकिन 140 करोड़ भारतीयों के लिए कश्मीर मां भारती के मस्तक समान है।




इसके साथ ही पीएम ने टीएमसी को कानून और संविधान को कुचलने वाली पार्टी बताया। मोदी ने कहा- यहां जब केंद्र की जांच एजेंसियां आती हैं तो टीमएसी उन पर हमले करती है और लोगों से करवाती है। संदेशखाली में क्या हुआ, पूरा देश जान चुका है। प्रधानमंत्री 3 दिन में दूसरी बार पश्चिम बंगाल पहुंचे। इससे पहले 4 अप्रैल को उन्होंने कूचबिहार में रैली की थी। इसी दिन ममता बनर्जी ने भी कूचबिहार में ही रैली की थी। पीएम ने कहा था- संदेशखाली के दोषियों को मोदी सजा दिलवाकर ही रहेगा। उनकी बाकी जिंदगी जेल में ही कटेगी।

# आईपीएल 2024 में मुंबई की पहली जीत



### दिल्ली को 29 रन से हराया, आखिरी ओवर में गिरे तीन विकेट, कूट्जी को 4 विकेट

**मुंबई ( एजेंसी )।**

मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग-2024 में पहली जीत हासिल की है। टीम ने मौजूदा सीजन के 20वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को 29 रन से हराया।

वानखेड़े स्टेडियम में रविवार को डबल हेडर के पहले मुकाबले में दिल्ली ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 234 रन बनाए। जवाब में दिल्ली 20 ओवर में 8 विकेट पर 205 रन ही बना सकी। मुंबई की पारी के आखिरी ओवर में 32 रन बने। रोमारियो शेफर्ड ने एनरिक नॉर्त्या की सभी 6 बॉल पर बाउंड्री जमाई। इनमें 4 छक्के और 2 चौके शामिल रहे। शेफर्ड ने 10 बॉल पर 39 और टिम डेविड ने 21 बॉल पर 45 रन बनाए। दोनों ने 53 रन की नाबाद साझेदारी की। रोहित शर्मा ने 49 और ईशान किशन ने 42 रन बनाए। कप्तान हार्दिक पंड्या ने 33 बॉल पर 39 रन बनाए। अक्षर पटेल ने दो विकेट लिए।

## बैज बोले- बीजेपी घोषणा पत्र देख बौखलाई

**रायपुर,( एजेंसी )।**

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कांग्रेस को बिना दूल्हे की बारात बताया है। जिस पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि हमारे पास दूल्हा भी है। बाराती भी है। कवासी लखमा से बड़ा कोई दूल्हा हो सकता है क्या ? दीपक बैज ने कहा कि बीजेपी हमारे घोषणा पत्र से बौखला गई है। इसलिए अभी जहां-जहां हमारे नेता जा रहे हैं। हमारी घोषणा पत्र का जबरदस्त इफेक्ट है। इसलिए भाजपा पूरी तरह से डरी हुई है और इस तरह की बयानबाजी कर रही है।

**भाजपा बताए हमारे कोषाध्यक्ष कहां ?**

चुनाव के बाद से कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल के गायब होने वाले भाजपा के आरोपों का जवाब देते हुए बैज ने कहा कि भाजपा लगातार हमारे नेताओं को डराने धमकाने का काम कर रही है। यह सवाल तो हमें उनसे पूछना चाहिए कि वो कहां है ? क्योंकि केंद्र में भी उन्हीं की सरकार है और राज्य में भी। उन्हीं की सरकार है, लेकिन वह हमसे ही सवाल पूछ रहे हैं।

**हमारे नेताओं को डराने का काम कर रही बीजेपी**

कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के भाजपा प्रवेश पर बैज ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मजबूती से चुनाव लड़ रही है। बूथ स्तर पर हमारे कार्यकर्ता कम कर रहे हैं। हां यह जरूर है कि कुछ नेताओं को बीजेपी डराने धमकाने और लालच देने का काम जरूर कर रही है। प्रेशर की राजनीति कर रही है। चुनाव की बेला है। ऐसे में आना जाना लगा रहता है। इससे कांग्रेस को कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। भाजपा के बयानों पर पलटवार करते हुए दीपक बैज ने कहा कि हमारा घोषणा पत्र केवल दो लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए नहीं है, बल्कि महिलाओं, युवाओं, बेरोजगारों और किसानों को जिक्र किया गया है।

# पी के बोले-चुनाव में प्रदर्शन खराब रहे तो राहुल ब्रेक लें

### 10 साल की नाकामी के बाद भी न हटे, न किसी को पार्टी चलाने दी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।**

2024 लोकसभा चुनाव में अगर कांग्रेस को उम्मीद के अनुसार नतीजे नहीं मिलते तो राहुल गांधी को राजनीति से ब्रेक लेने पर विचार करना चाहिए। पॉलिटिकल स्ट्रैटजिस्ट प्रशांत किशोर ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को दिए एक इंटरव्यू में यह बात कही।



प्रशांत ने कहा- राहुल गांधी कांग्रेस को जिताने के लिए पिछले 10 साल से असफल प्रयास कर रहे हैं। इसके बावजूद वे न तो राजनीति से अलग हुए और न ही किसी और को पार्टी का चेहरा बनने दिया। मेरी नजर में यह लोकतांत्रिक नहीं है।

प्रशांत ने कहा- जब आप (राहुल गांधी) पिछले 10 साल से एक ही काम कर रहे हैं और उसमें कोई सफलता नहीं मिली है, तो ब्रेक लेने में कोई बुराई नहीं है। आपको इसे किसी और को पांच साल के लिए करने देना चाहिए। आपकी मां ने ऐसा ही किया था।

प्रशांत ने कहा- पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की हत्या के बाद सोनिया गांधी ने क्या किया। 1991 में उन्होंने राजनीति से दूरी बना ली। कांग्रेस की कमान पीवी नरसिम्हा राव को दे दी। उसका रिजल्ट आप सबको पता है।

**राहुल को प्रशांत की 4 नसीहत...**

**हिंदी पट्टी में नहीं जीते, तो वायनाड जीतने का फायदा नहीं**

प्रशांत ने राहुल को लेकर कहा कि कांग्रेस की लड़ाई उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश में है, लेकिन उनके नेता मणिपुर और मेघालय का दौरा करते हैं। अगर आप यूपी, बिहार और मध्य प्रदेश में नहीं जीते, तो वायनाड से जीतने का कोई फायदा नहीं है। अकेले केरल जीतकर आप देश नहीं जीत सकते। अमेठी छोड़ देने से भी गलत संदेश जाएगा।

प्रशांत ने प्रधानमंत्री मोदी का उदाहरण देते हुए कहा- नरेंद्र मोदी ने 2014 में अपने गृह राज्य गुजरात के साथ-साथ उत्तर प्रदेश से चुनाव लड़ने का विकल्प चुना था। इसलिए, क्योंकि आप भारत को तब तक नहीं जीत सकते जब तक आप हिंदी पट्टी को नहीं जीतते या हिंदी पट्टी में मौजूदगी दर्ज नहीं कराते।

**राहुल को लगता है कि वे सब कुछ जानते हैं**

प्रशांत किशोर ने कहा- दुनियाभर के अच्छे और बड़े नेताओं की एक विशेषता है। वे जानते हैं कि उनमें क्या कमी है। वे अपनी कमियों और खामियों को ठीक करने के लिए हमेशा कोशिश करते रहते हैं, लेकिन राहुल को लगता है कि वे सब कुछ जानते हैं।

उन्होंने कहा- अगर आप मदद की जरूरत को नहीं पहचानते हैं, तो कोई भी आपकी मदद नहीं कर सकता। मेरा मानना है कि राहुल गांधी को लगता है कि उन्हें किसी ऐसे व्यक्ति की जरूरत है जो उन्हें जो सही लगता है उसे पूरा कर सके। यह संभव नहीं है।

**राहुल ने 2019 में पार्टी अध्यक्ष पद छोड़ा, जो बोला किया नहीं**

प्रशांत किशोर ने कहा- 2019 के चुनावों में पार्टी की हार के बाद राहुल ने कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने का फैसला किया था। उन्होंने तब लिखा था कि वह पीछे हट जाएंगे और किसी और को पार्टी की जिम्मेदारी देंगे, लेकिन उन्होंने जो लिखा, उसके विपरीत काम कर रहे हैं। कांग्रेस और उसके समर्थक किसी भी व्यक्ति विशेष से बड़े हैं। राहुल को जिद नहीं करनी चाहिए कि बार-बार विफलताओं के बावजूद वही पार्टी का नेतृत्व करेंगे।

**हार के लिए चुनाव आयोग और मीडिया पर सवाल उठाना गलत**

प्रशांत ने राहुल के उन दावों पर सवाल उठाया जिसमें चुनाव में हार के लिए चुनाव आयोग, न्यायपालिका और मीडिया पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि यह आंशिक रूप से सच हो सकता है, लेकिन पूरा सच नहीं है। उन्होंने कहा कि 2014 के चुनावों में कांग्रेस 206 सीटों से घटकर 44 सीटों पर आ गई थी जब वह सत्ता में थी और भाजपा का विभिन्न संस्थानों पर बहुत कम प्रभाव था।

**भाजपा की जीत की वजह विपक्ष की कमजोर रणनीति**

प्रशांत ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में भाजपा ओडिशा और पश्चिम बंगाल में नंबर एक पार्टी बनने जा रही है। तेलंगाना में भाजपा पहले या दूसरे नंबर पर रह सकती है। तमिलनाडु में भाजपा का वोट शेयर दोहरे अंक तक पहुंच सकता है।

कुल 543 लोकसभा सीटों में से तेलंगाना, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, बिहार और केरल में 204 सीटें हैं। हालांकि भाजपा 2014 या 2019 में इन सभी राज्यों को मिलाकर 50 सीटों का आंकड़ा भी पार नहीं कर सकी थी। प्रशांत ने कहा- विपक्ष की सुस्त और कमजोर रणनीति की वजह से भाजपा को दक्षिण और पूर्वी भारत में फायदा होता दिख रहा है। इन दो क्षेत्रों में 2019 के मुकाबले पार्टी के वोट शेयर और सीटें बढ़ सकती हैं। ये दो क्षेत्र ऐसे हैं, जहां पार्टी की पकड़ कमजोर है।

# मोदी सरकार के 10 सालों में बदल गया देश-भाजपा महामंत्री बोले- 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला, कांग्रेस ने सिर्फ नारा दिया

**रायपुर ( एजेंसी )।**

रायपुर के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रादेशिक सम्मेलन आयोजित हुआ है। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री शिव प्रकाश ने कहा है कि कांग्रेस ने गरीबी हटाने का नारा दिया पर 25 करोड़ लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 साल के कार्यकाल में गरीबी रेखा के बाहर आए।

राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री शिव प्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गरीबों, किसानों, युवाओं, महिलाओं के लिए कल्याणकारी योजनाएं बनाई हैं। 10 सालों में देश बहुत बदल गया है। एयरपोर्ट, रेलवे, सड़कें सब में कमाल काम हुआ है। आधारभूत संरचना के क्षेत्र में ऐतिहासिक काम हुआ है।

**घोषणा पत्र कांग्रेस का अन्याय पत्र**

भाजपा राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री ने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जारी घोषणा पत्र को कांग्रेस ने न्याय पत्र नाम दिया है। लेकिन यह कांग्रेस का अन्याय पत्र है।



**कांग्रेस और उसका भ्रष्टाचार खतरे में है, संविधान नहीं**

कांग्रेस आज संविधान की बात कर रही है। जिस कांग्रेस ने बाबासाहब भीमराव अंबेडकर का विरोध किया, उन्हें संसद में जाने से रोका, उन्हें जीतने नहीं दिया, उन्हें भारत रत्न नहीं दिया, वह कांग्रेस आज संविधान बचाने की बात कर रही है। वह संविधान के खतरे में आने की बात कर रही है। कांग्रेस और उसका भ्रष्टाचार खतरे में है, संविधान नहीं।

शिवप्रकाश ने कहा कि प्रभु श्रीराम के एक-एक कदम आगे बढ़ने से जैसे रावण चिंतित होता था, कृष्ण के जीवित रहने की खबर सुनकर जैसे कंस रोज चिंतित होता था, वैसे ही भ्रष्टाचारी आज पीएम मोदी को देखकर डरते हैं कि न जाने कब उनका भ्रष्टाचार पकड़ा जाए, न जाने कब उन्हें जेल की हवा खानी पड़े। यह चुनाव सरकार बनाने का नहीं, इतिहास बनाने का है।

**किसी की बारूदी धमाके करने की हिम्मत नहीं**

साल 2014 में केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने से पहले बार-बार यही सुनने को मिलता था कि अनजान चीज को हाथ न लगाएं, बम हो सकता है। हर शहर के अंदर आतंकियों के अड्डे बने थे। लेकिन अब ऐसी घटनाओं पर पूर्ण विराम लग गया है। किसी की बारूदी धमाके करने की हिम्मत नहीं। अब देश आंतरिक सुरक्षा से पूरी तरह मजबूत है।

भारत पर हमला करने वाला व्यक्ति अब कहीं भी रहे, सुरक्षित नहीं रह सकता। यह क्रांतिकारी परिवर्तन हमने करके दिखाया है। अब प्रधानमंत्री मोदी ने भी कहा है कि हम गुलामी के हर चिह्न को मिटा देंगे। मंदिर, योग, आयुर्वेद, भाषा, सभी क्षेत्रों में काम हुआ है। ये 10 साल गरीब कल्याण और विकास के साथ भारत का स्वाभिमान जगाने वाले रहे हैं। बुद्धिजीवी वर्ग के बीच जाकर अधिकवक्तागण प्रधानमंत्री श्री मोदी की उपलब्धियों की चर्चा करें।

**अधिवक्ता गण ने हमेशा से जनमत बनाने का काम किया है- साव**

छत्तीसगढ़ के उप मुखयमंत्री अरुण साव ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरे देश में एक ही नारा चल रहा है- फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार। अब कांग्रेस को शून्य पर आउट करना है। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 9 सीटें जीती थीं। इस बार हम पूरी 11 लोकसभा सीटे जीतें, इसके लिए विधि प्रकोष्ठ की पूरी ताकत लगनी चाहिए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अधिवक्ता समुदाय आजादी की लड़ाई से जनमत निर्माण का कार्य करता आया है। आजादी के दीवानों के जो सपने थे, आज मोदी सरकार उसे पूरा कर रही है।

## 09 अप्रैल को नव संवत्सर विक्रम संवत 2081 का होगा आगाज




**कोरबा ( दिव्य आकाश )।** 09 अप्रैल को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को नवरात्रि प्रारंभ हो रही है। इसी दिन से नवसंवत्सर विक्रम संवत 2081 का आगाज भी होगा। इसके लिए हिन्दू क्रांति सेना ने कोरबा शहर को दुल्हन की तरह सजाया है। इसी दिन दोपहर 3.00 बजे दो विशाल और भव्य झांकी भी निकाली जाएगी।

## चिंतामणि को बीजेपी ने वॉशिंग-मशीन में डालकर क्लीन किया

**जीपीएम ( एजेंसी )।**



पेंड्रा में बिलासपुर लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव ने कहा कि मैं ईडी की लड़ाई बहुत समय से लड़ रहा हूं। कभी हताश नहीं हुआ, क्योंकि हमें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। साथ ही कहा कि भाजपा ने चिंतामणि महाराज को वाशिंग मशीन में डालकर क्लीन कर दिया और लोकसभा प्रत्याशी बना दिया। साथ ही कांग्रेस के 3 बड़े नेताओं सहित अन्य पर दर्ज एफआईआर पर कहा कि लोक सेवकों पर एफआईआर के पहले नियमों का पालन ही नहीं किया। राज्यपाल की अनुमति भी नहीं ली गई। एफआईआर में भेदभाव किया गया। साथ ही कांग्रेस के कार्यक्रम में आप नेता शामिल होकर जीत के लिए शुभकामनाएं दी।

**हमारा धर्म किसी को तोड़ना नहीं सिखाता- देवेंद्र यादव**

देवेंद्र यादव ने कहा कि गांधी की हत्या जब हुई थी, तब उन्होंने हे राम कहा था, तब उस समय जिन्ना ने यह कहा था कि हिंदुओं के सबसे बड़े नेता की हत्या हुई है। इसलिए हमारी पार्टी वैचारिक रूप से हर जाति धर्म से प्रेम करती है, जोकि हमारा धर्म किसी को तोड़ना नहीं सिखाता। लोगों को जोड़ना सिखाती है।

# परला में हाथी ने तोड़ा घर



ड्रोन कैमरे में घटना हुई कैद, भोजन की तलाश में पहुंचा रिहायशी इलाके में, गांववालों में दहशत

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा जिले के कटघोरा के वन मंडल में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। अब ड्रोन कैमरे में एक हाथी का घर तोड़ते हुए वीडियो कैद हो गया है। हाथी घर तोड़कर ग्रामीण के घर में घुसा। इसके बाद उसमें रखे अनाज को चट कर गया। मामला कटघोरा वन मंडल के परला गांव का है।

हाथी घर से लगी बाड़ी में भी गया और यहां लगे केले के पेड़ को तोड़ डाला। घरवालों ने किसी तरह से भागकर हाथी से अपनी जान बचाई। परिवार ने हाथी के आने की सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की उड़नदस्ता टीम मौके पर पहुंची और टीम हाथी को जंगल की ओर खदेड़ा।

**कई गांवों में अलर्ट जारी**

वनकर्मियों ने बताया कि गांव में अलर्ट जारी किया गया है। हाथी गांव से सटे इलाके में ही है, इसलिए ग्रामीणों को जंगल में जाने रोका जा रहा है। आसपास जंगल से लगे गांव में भी मुनादी कराई जा रही है। हाथी की निगरानी के लिए वनकर्मी भी तैनात किए गए हैं। इसके अलावा ड्रोन कैमरे से भी नजर रखी जा रही है, ताकि समय रहते लोगों को सतर्क किया जा सके।

**हाथियों का दल गांव के पास वाले जंगल में मौजूद**

इधर हाथी के चलते ग्रामीण दहशत में हैं। उन्होंने कहा कि कई दिनों से हाथियों का दल इस इलाके के जंगल में विचरण कर रहा है। यहां से अक्सर हाथी गांव में आ जाते हैं, फिर घरों और फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं। इससे उन्हें आर्थिक हानि उठानी पड़ती है। गांववालों ने कहा कि हाथियों को यहां से भगाने के लिए कलेक्टर और वन विभाग को पत्र लिखा जा चुका है, लेकिन अब तक परेशानी से निजात दिलाने के लिए प्रशासन की ओर से कुछ भी नहीं किया गया है। हर बार वन विभाग केवल मुनादी करवाकर और चेतावनी जारी कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लेती है।

## हेमा मालिनी पर सुरजेवाला की टिप्पणी पर महिला शक्ति बिफरी



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की महामंत्री विभा अवस्थी ने प्रेसवार्ता कर हरियाणा के कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला को कांग्रेस से बहिष्कृत करने की कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना से मांग करते हुए कहा है कि क्या ज्योत्सना महंत सोनिया गांधी से मांग करेंगी, कि सुरजेवाला पर कार्रवाई करेंगी। गत दिनों सुरजेवाला ने हेमा मालिनी पर भद्दी टिप्पणी की थी, जिससे भाजपा महिला मोर्चा पूरे देश में हमलावर है। इस अवसर पर सरिता मिश्रा, उमा भारती सराफ, वैशाली रत्नपारखी, रेणुका सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित थीं।

### मौसम बदला: तेज हवा के साथ हल्की बारिश, दिन भर छाया रहा बादल

# हिंदू नववर्ष समारोह के लिए लगा पंडाल आंधी में धराशायी

घंटों यातायात बाधित रहा, रास्ता बदलकर चलते रहे लोग, हिन्दू क्रांति सेना ने पंडाल बनाना फिर किया शुरू



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा जिले में रविवार सुबह अचानक मौसम बदल गया। यहां तेज हवाएं चल रही हैं, साथ ही आसमान पर बादल छाए हुए हैं। कहीं-कहीं पर हल्की बूंदाबांदी भी हुई है। पावर हाउस रोड पर हिंदू नववर्ष समारोह के लिए लगाया गया पंडाल भी तेज आंधी में धराशायी हो गया है। मौसम बदलने से लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली है।

वहीं 9 अप्रैल को चैत्र नवरात्र का पहला दिन है। इस मौके पर हिंदू क्रांति सेना ने कई कार्यक्रमों का आयोजन शहर में करवाया है। इसके लिए विशेष तैयारी की जा रही है। शहर को सजाया जा रहा है। इसी कड़ी में टीपी नगर, सोनालिया चौक और कोसाबाड़ी चौक पर खास सजावट की गई है।

**पंडाल का बड़ा हिस्सा गिरा**

आज सुबह आंधी-तूफान के चलते सोनालिया चौक के पास पंडाल का एक बड़ा हिस्सा गिर गया। वहीं डोम भी धराशायी हो गया। मेन रोड पर पंडाल और डोम के गिर जाने से लोगों को आने-जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मौके पर पहुंची पुलिस ने इसे हटाने की कार्रवाई की, लेकिन घंटों यातायात बाधित रहा।

**लोगों को आने-जाने में हो रही दिक्कत**

फिलहाल लोग रास्ता बदलकर दूसरे रास्ते से आना-जाना कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि गनीमत ये रही कि पंडाल गिरने से कोई जनहानि नहीं हुई है। इधर कई जगहों पर आंधी के चलते झालर और लाइट गिर गए हैं।

## ललित अग्रवाल दिवंगत



**कोरबा।** कोरबा के प्रतिष्ठित नागरिक रामवतार अग्रवाल के सुपुत्र और आरती ऑटो के संचालक ललित अग्रवाल का रविवार को आकस्मिक निधन हो गया। वह 49 वर्ष के थे। उनकी अंत्येष्टि शाम को मोती सागरपारा स्थित मुक्तिधाम में संपन्न हुआ। शाम 4.00 बजे उनके निवास स्थान सर्वमंगला रोड कोरबा से अंतिम यात्रा निकाली गई। ललित अग्रवाल व्यवहार कुशल व्यक्ति थे, वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़कर चले गए। उनकी अंतिम यात्रा में कोरबा के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### तेज रफ्तार के कारण नेशनल हाईवे 130 पर रोज हो रहे हादसे

# अलग-अलग घटना में दो की मौत



**कटघोरा/पाली ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा जिले में सड़क हादसा थमने का नाम नहीं ले रहा है, लगातार 1 दिन में दो सड़क हादसे से दो की मौत और दो गंभीर रूप से घायल हुए हैं। नेशनल हाईवे 130 बिलासपुर - पाली सड़क पर रविवार को एक ही दिन में हुए दो अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में जहां दो लोगों की मौत हो गई, वहीं 2 लोग गभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को डायल 112 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली में लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को गंभीर हालत में बिलासपुर सिम्स रेफर किया गया।

रविवार सुबह 9 बजे बिलासपुर पाली नेशनल हाईवे के मुनगाडीह पुल पर ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई , वहीं गभीर रूप से घायल को डायल112 की मदद से पाली स्वास्थ्य केंद्र में उपचार चल रहा है मृतक बिलासपुर निवासी श्याम लाल रमानी हैं।

दूसरी घटना डूमरकछार के गाजर नाला पुल में बाइक ट्रक में भिड़ंत हो गई , जहाँ राहाडीह निवासी पवन श्याम की घटना स्थल पर मौत हो गई तथा बेटे की हालत गम्भीर होने पर जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसको भी बिलासपुर के सिम्स अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। बिलासपुर-पाली-कटघोरा-अंबिकापुर नेशनल हाईवे बन जाने के कारण वाहनों की रफ्तार तेज हो गई है, जिसके कारण आये दिन घटनाएं हो रही हैं और लोगों की जानें जा रही हैं। हाईवे ट्रैफिक पुलिस के बाद भी रोजाना घटनाएं हो रही हैं।

# दंगाइयों से निपटने पुलिस की मॉकड्रिल

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा में लोकसभा चुनाव को लेकर कानूनी व्यवस्था बनाए रखने पुलिस विभाग ने मॉकड्रिल किया। लोक सभा चुनाव और क़ानून व्यवस्था को देखते हुए बलवा से निपटने रिहर्सल कराया गया, जिसमें करीब 180 पुलिसकर्मी बलवा ड्रिल में शामिल हुए।

इस दौरान बलवा ड्रिल में देखा गया कि अगर किसी तरह की कोई बलवा या प्रदर्शन होता है, तो किस तरह से उसे निपटा जाए। कैसे स्थिति को नियंत्रित किया जा सके, इसका एक डेमो प्रदर्शन किया गया।

**दंगाइयों से निपटने उतरे पुलिसकर्मी**

डेमो में आंसू गैस, वज्र वाहन, केन पार्टी, लाठी पार्टी, आर्म्स पार्टी, बलवा पार्टी, वरुण (वाटर कैनन दस्ता) और एंबुलेंस को शामिल किया गया। अभ्यास में पुलिस की एक पार्टी दंगाई और दूसरी पार्टी बलवा ड्रिल की किट पहनकर इन्हें रोक रही थी।

**आंसू गैस के गोले छोड़कर दंगाइयों को रोका**

इस दौरान जैसे ही दंगाइयों ने पथराव और उपद्रव शुरू किया तो पुलिसकर्मियों ने पहले बैरीकेड से इन्हें रोका, जब अनियंत्रित हो गए तो आंसू



गैस के गोले छोड़े, फिर कैन, लाठी और राइफल पार्टी के माध्यम से ड्रिल पूर्ण किया गया।

इस मॉक ड्रिल में सभी राजपत्रित अधिकारी एवं समस्त थाना / चौकी / पुसके के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। ड्रिल अभ्यास के माध्यम से पुलिस को बेहतर रूप से ऐसी परिस्थिति से निपटने के संबंध में बताया गया।

# हिंदू नव वर्ष पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा, पुलिस विभाग ने जारी किया रूट चार्ट

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

09 अप्रैल को शहर में हिन्दू नव वर्ष के मौके पर दो अलग-अलग विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया है जिसमें बड़ी संख्या में दर्शकों एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति रहेगी। पहली शोभायात्रा कोसाबाड़ी स्थित हनुमान मंदिर से निकलकर टीपी नगर तथा दूसरी शोभायात्रा सीतामढ़ी से टीपी नगर के बीच गरिमापूर्ण ढंग से निकाली जाएगी। दोनों शोभायात्राओं को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस एवं जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतनाम किए गये हैं। शोभायात्रा को हर्षोल्लास एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पूरे शहर विशेषकर शोभायात्रा के मार्गों पर सीसीटीव्ही कैमरों एवं वीडियोग्राफी के माध्यम से रैली की आड़ में आसामाजिक तत्वों, जेब कतरों तथा शरीर से जेवर चोरी/छिनने वालों की निगरानी रखी जाएगी। शोभायात्रा को देखते हुए पूर्व से स्थापित सीसीटीव्ही कैमरों के अतिरिक्त अन्य स्थानों पर जन सहयोग से नए सीसीटीव्ही कैमरे लगवाए गये हैं। बदमाशों पर निगाह रखने के लिए शोभायात्रा संचालन समितियों द्वारा अपने वालेंटियर्स के माध्यम से तथा पुलिस द्वारा ऐसे बदमाशों को पहचानने वाले स्पाटर्स लगाकर असामाजिक तत्वों, चोरों, जेबकतरों एवं बदमाशों की पहचान एवं कार्यवाही की जावेगी।

सजग कोरबा के माध्यम से कोरबा पुलिस की ओर से शोभायात्रा में शामील होने वाले नागरिकों, श्राद्धालुओं से अपील है कि-

शोभायात्रा में शामिल होने वाले सभी श्रद्धालुओं से अपील है कि वे अपने चारों ओर यह सुनिष्चित कर लें कि उनके इर्द-गिर्द कोई असामाजिक तत्व/चोर या जेबकतरा तो नहीं है, किसी व्यक्ति पर संदेह होने पर समिति के वालेंटियर्स तथा पुलिस कंट्रोल रूम एवं डायल 112 के साथ-साथ पुलिस द्वारा स्थापित हेल्प सेंटर पर सूचित करें।

आभूषण धारण करने वाली महिलाओं से अनुरोध है कि कम दृष्यमान आभूषण पहनें, भीड़भाड़, धक्का-मुक्की से बचें।

पर्स, मोबाईल तथा कीमती सामान सम्हालकर रखें।

अफवाह फैलाने वालों से सावधान रहकर ध्यान न दें।

छोटे बच्चों को सम्हालकर रखें।

किसी अनजान व्यक्ति से खाने-पीने की सामग्री लेने/खाने से बचें।

अपराधियों के संबंध में मिली सूचना पुलिस से साझा कर जागरूकता का परिचय दें।

शांति एवं सौहार्द के साथ-साथ उल्लासपूर्वक आयोजन के सहभागी बनें।





शोभायात्रा के दौरान पुलिस ने चाक चौबंद व्यवस्था की है और रूट जारी कर लोगों से आगाह किया है कि वे परिवर्तित मार्ग से आना जाना करें और जाम से बचें। शोभायात्रा हिन्दू क्रांति सेना द्वारा निकाली जा रही है। रामजानकी मंदिर सीतामढ़ी से टीपी नगर नया बस स्टैंड तक दोपहर 03 बजे निकलेगी, जबकि एक यात्रा हनुमान मंदिर कोसाबाड़ी से टीपी नगर तक निकलेगी।







नवरात्रि, गुड़ीपड़वा, हिन्दू नववर्ष एवं चेट्रीचंड्र की अनंत शुभकामनाएं...

यत्र नारी पूज्यंते
तत्र रमंते देवता:

# दिव्य आकाश

शुभ नवरात्रि

कोरबा से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रथम बहुरंगी साप्ताहिक अखबार

सुविचार
एक सुखद जीवन के लिए मस्तिष्क में सत्यता और हृदय में पवित्रता जरूरी है।

कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 05 से 11 अप्रैल 2024

## ज्योत्सना महंत ने कहा - कांग्रेस तोड़-फोड़ की राजनीति नहीं करती जनता सेवा का अवसर दें, 5 न्याय व 25 गारंटी पूरी करेंगे

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा सांसद व कोरबा लोकसभा क्षेत्र की कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने संसदीय क्षेत्र के गणेशपुर, कंहारबहरा, जिल्दापारा, पड़ीता आदि गांवों का दौरा व जनसंपर्क किया।

जनसंपर्क के दौरान सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा कि कोरबा लोकसभा क्षेत्र की जनता ने हमेशा से ही डॉ. महंत परिवार को स्नेह व आशीर्वाद देते आई है। जनता के भरोसे पर महंत परिवार सदैव खरा उतरने के लिए प्रयासरत रहा है। उन्होंने कहा कि आप सबने पिछले चुनाव में मुझे सेवा करने का अवसर दिया और एक बार फिर आप सबके आशीर्वाद की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सबको जोड़कर रखने में विश्वास करती है और तोड़-फोड़ की



राजनीति नहीं करती और न ही किसी तरह का दबाव डाला जाता है।

निर्भिक और निष्पक्ष रूप से मतदान करते हुए कांग्रेस की सरकार कोरबा लोकसभा और केन्द्र में बनाने का आह्वान करते हुए श्रीमती महंत ने कहा कि कांग्रेस ने अपने न्याय पत्र में देश की जनता के लिए 5 गारंटी ली है। हमें काम करने का एक अवसर मिलना चाहिए ताकि इन सभी



गारंटियों को पूरा कर सकें। युवाओं को नौकरी व रोजगार से जोडक़र उनका विकास, महिलाओं को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने, किसानों को कर्ज मुक्त करने के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के करों से भी मुक्त करने की गारंटी हमने ली है। मजदूरों को किसी भी उद्योग, धंधे से यूं ही काम से न निकाला जा सके, इसके लिए भी हम गारंटी लेते हैं। आज जिन श्रमिकों को रोजगार गारंटी योजना में 200-250 रुपए की मजदूरी मिलती है, उन सभी को 400 रुपए की मजदूरी का हमने वादा किया है और इसे पूरा करेंगे। जिन पेंशनधारियों को 350 रुपए, 500 रुपए या अन्य राशि मिलती है, उन सभी सामाजिक सुरक्षा, विधवा, नि:शक्त, सुखद सहारा व तमाम पेंशन योजनाओं में सीधे 1 हजार रुपए देने का हमने वादा किया है। इन सभी वादों को पूरा करने के लिए आप सबके साथ व सहयोग की जरूरत है। जनसंपर्क के दौरान स्थानीय पदाधिकारी व ग्रामीण उपस्थित थे।

**दुकान किराये पर देना है**

कोरबा के हृदय स्थल टी.पी. नगर नया बस स्टैंड के पास होटल ब्लू डायमंड के सामने प्रथम मंजिल में सर्वसुविधायुक्त 2500 sqft फाल सिलिंग लगा हुआ शीघ्र ही किराए पर देना है।

हमसे संपर्क करें-
**गोपाल राय सोनी**
मो.: 79996 32557



### मनायी गई मां कर्मा जयंती

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।** जिला साहू समाज ने घंटाघर स्थित ओपन थियेटर में समाज की आराध्य देवी मां कर्मा की जयंती धूमधाम से मनायी। पूजा पाठ के बाद सामाजिक परिचर्चा भी हुई और समाज को आगे बढ़ाने की रणनीति पर चर्चा हुई। समाज के वरिष्ठ सदस्य गजानंद प्रसाद साहू, विनोद साहू सहित सदस्य उपस्थित रहे।

## प्रदेश से कांग्रेस की सरकार बदली है, अब कोरबा सांसद को भी बदलनी है-सुश्री सरोज पांडेय

### भाजपा के स्थापना दिवस पर कटघोरा विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन

**कटघोरा ( दिव्य आकाश )।**

भाजपा के स्थापना दिवस पर कटघोरा के अग्रसेन भवन में विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित भाजपा की कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय, मंत्री लखन लाल देवांगन , मंत्री टंकराम वर्मा, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, पूर्व गृहमंत्री ननकी राम कवर ,पूर्व गृह मंत्री रामसेवक पैकरा , पूर्व विधायक रामदयाल उइके, पूर्व विधायक सावला राम डहारे दुर्ग , देवेन्द्र पांडेय, जिलाध्यक्ष राजीव सिंह , पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, जोगेश लांबा, देवेंद्र पांडे ,ज्योतिनंद दुबे,पवन गर्ग, दुष्यंत शर्मा, सहित प्रदेश एवं जिले के कई बड़े नेताओं की उपस्थिति में अन्य नेताओं ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला।

सम्मेलन में बड़ी संख्या में लोग भाजपा प्रवेश भी किए। भाजपा की सांसद प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय एवं अतिथियों ने भाजपा में सभी नवप्रवेशियों को भगवा गमछा पहनाकर स्वागत किया।

सुश्री पांडेय ने बड़ी संख्या में उपस्थिति देखकर कार्यकर्ताओं से कहा कि आने वाले 7 मई को लोकसभा सीट का वोट करेंगे और मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएंगे। मोदी जी की नारा है अबकी बार 400 पार ।

उन्होंने कार्यकर्ताओं एवं जनता से आह्वान किया कि आपकी मेहनत और जनता के आशीर्वाद से भ्रष्ट कांग्रेस सरकार की विदाई हो गई और प्रदेश





में भाजपा का सुशासन आ गया है। अब वक्त आ गया है कि 07 मई को अपने वोट से वर्तमान कांग्रेस सांसद ज्योत्सना महंत को भी विदा करे और कोरबा से भी कमल खिलाएं और मोदी जी को तीसरी बार देश का नेतृत्व सौंपें। उन्होंने कहा हम इस बार कोरबा लोकसभा की इतिहास बदलेंगे । पिछले 5 सालों से लापता हो गई सांसद को पूर्ण रूप से यहां से विदाई दे दें।


भारत सरकार एक सांसद को विकास कार्यों के लिए साल में 5 करोड़ रूपया देती है, लेकिन ज्योत्सना महंत के क्षेत्र में एक भी विकास कार्य नहीं दिखता। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए कमल को जीताए और मैं विश्वास दिलाती हूं कि क्षेत्र में चार गुना विकास होगा।

मंत्री लखनलाल देवांगन ने भी कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला और कहा कि कोरबा जिले की जनता के लिए डीएमएफ की करोड़ों रूपए की राशि का बंदरबाट हुआ और कलेक्टर सहित कई अधिकारी जेल में है, लेकिन सासंद चुप रही। इस चुप्पी का क्या मतलब ?

मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार आने के बाद काम सांय-सांय हो रहा है, क्योंकि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हैं।

उन्होने कहा कि तीन महीने में मोदी की गारंटी लगभग पूरी हो गई है और प्रदेश में भाजपा का सुशासन आने के बाद प्रदेश की जनता खुशहाल नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि तीसरी बार देश में प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी को देश की जनता देखना चाहती है और कोरबा से भी वर्तमान सांसद का जाना तय है। ननकीराम कंवर, रामदयाल उइके, राजकुमार अग्रवाल ने भी कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर सबका मनोबल बढ़ाया।

चैत्र नवरात्रि पर आदिशक्ति माँ सबकी मनोकामनाएं पूर्ण करें।



समस्त जिलेवासियों को
हिन्दू नववर्ष 09 अप्रैल 2024
पर सुखद एवं स्वस्थ जीवन की
अनंत
शुभकामनाएं



पर्यावरण हितैषी स्वास्थ्य हितैषी

Indane
SAFE.RELIABLE.CONVENIENT



डायरेक्टर
त्रिभुवन सिंह कंवर
मो.: 98279-44975

हमारी सेवाएं
नया गैस कनेक्शन तुरंत उपलब्ध
असुविधा से बचने के लिए सिंगल गैस सिलेण्डर कनेक्शन को तुरंत डीबीसी कराएं, प्रक्रिया प्रारंभ है। घर पहुंच सेवा, मैकेनिक सुविधा उपलब्ध, आईएसआई मार्का सुरक्षा पाईप एवं चूल्हा उपलब्ध।

मे. मोंगरा इण्डेन

अधिकृत वितरक-
इंडियन ऑयल- इण्डेन एलपीजी गैस
नगर निगम जोन कार्यालय रोड मोंगरा बस्ती बांकीमोंगरा, जिला-कोरबा

इण्डेन गैस जलाईए, पर्यावरण को सुरक्षित रखिए। मुस्कान के साथ सेवा, मोंगरा इण्डेन का लक्ष्य

सर्वमंगलमांगल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके।
शरण्ये त्र्यंम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तुते।।

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (हिन्दू नववर्ष) एवं चैत्र नवरात्रि पर प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
आप सभी स्वस्थ रहें... खुशहाल रहें...



माँ आप सभी की मनोकामना पूर्ण करें...



प्रहलाद सिंह
कोरबा
जिला-कोरबा (छ.ग.)

**सुविचार**

**गृहस्थ जीवन को सन्यासी जीवन से भी बेहतर माना गया है, लेकिन दोनों धूरी का बराबर चलना भी जरूरी है, तभी गृहस्थ जीवन सुखमय होगा।**

**सरोकार**

## नारी सर्वत्र- सर्वकाल वंदनीय

नवरात्रि को नारी के वंदन का पर्व माना जाता है। नारी ही शक्ति स्वरूपा है और नारी ही शक्ति है। वेद पुराणों में कहा गया है कि यत्र नारी पूज्यन्ते, तत्र रमन्ते देवता:। दूसरी तरफ नारी नरकस्य द्वार:। वेद पुराणों के अनुसार नारी की जहां वंदना की जाती है, जहां नारी का सम्मान होता है, उसी घर में सभी देवता वास करते हैं। यह भी कहा गया है कि नारी नरकस्य द्वार: अर्थात जहां नारी का अपमान होता है, वहां जीवन नरक बन जाता है। समाज में कई उदाहरण मिल जाएंगे, जहां-जहां नारी के सम्मान पर आघात हुआ है, वहां पाप बढ़ जाता है और उसे नरक मिलता है। आधुनिक युग में नारी के सम्मान पर आघात करने वालों को नरक रूपी जेल मिलती है। जिस घर में नारी पर हिंसा होती है, वहां नरक रूपी कलह घर कर जाती है और वह घर कभी फिर आबाद नहीं होता। कम से कम इस नवरात्रि नारी सम्मान के लिए समर्पित करें और दूसरे घर से आयी बेटियों का मान बढ़ाएं, चाहे वह गरीब हो या फिर अमीर घर की बेटी। बहू में बेटी का रूप देखें तो समाज कभी कलंकित नहीं होगा और इसका सुखद परिणाम भी सामने आएगा। देखते ही देखते समाज में सत्व का प्रकाश फैलेगा और समाज की आधी आबादी खुशहाल और समृद्ध होगी तो पूरा समाज आबाद होगा।

**संपादक**

## इस बार घोड़े पर सवार होकर आएंगी मां दुर्गा



इस नवरात्रि मां दुर्गा घोड़े पर सवार होकर आएंगी, कई राशियों के लिए शुभ तो कई लिए अशुभ भी हैं, लेकिन पूजा पाठ कर सभी शुभ फल प्राप्त कर सकते हैं। नवरात्रि में इस बार विशेष संयोग और शुभ फल भी मिलेगा। राजनीतिक क्षेत्र में भूचाल का भी योग ज्योतिषों ने बताया है।

# हिन्दू नववर्ष:

# नव पीढ़ी को जागृत करना आवश्यक



आदि मानव काल से अब तक के इतिहास को देखें तो भारत विश्व का वह देश है, जहां से सभ्यता प्रारंभ हुई। शिक्षा का प्रकाश भारत से ही विश्व तक पहुंचा। भारत ने ही शून्य का अविष्कार किया और दुनिया को ज्ञान बांटा। सनातन धर्म के अनुसार नव वर्ष का आगाज चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को होता है। लेकिन आज दुनिया 01 जनवरी को नववर्ष मनाती है। इसे हम अपनी दुर्बलता तो नहीं कहेंगे, लेकिन यह अवश्य है, कि हम भी अंग्रेजों के गुलामी को आज तक नहीं भुला पाए और भेड़ बकरियों की तरह एक भेड़... तो सब भेड़ एक ढर्रे पर ...। हम मानव हैं और मानवीय प्रकृति भेड़ बकरियों की तरह नहीं हो सकती। हमें चिंतन करना होगा कि हम कहां खड़े हैं। कम से कम अंग्रेजों की गुलामियत को तो त्यागें। हम स्वयं सनातनी नव वर्ष के बारे में जागृत हों और नई पीढ़ी को कुछ तो दें... और जागृत करें, ताकि नई पीढ़ी हिन्दू संस्कृति को नई ऊंचाई तक ले जाए और विश्व को भान कराए कि हमने ही विश्व को संस्कृति सिखाई और भारत से ही मानव सभ्यता का विकास हुआ।

भारत वह भूमि है, जहां पर अवतरित होने के लिए देवता भी तरसते हैं। इसीलिए कहा गया है... हर बाला देवी की प्रतिमा... बच्चा-बच्चा राम है...। वेद पुराणों में मुख्यत: चार युग का वर्णन मिलता है। सतयुग, त्रेता, द्वापर और कलयुग। हमने वेद पुराणों में पढ़ा है कि सतयुग में अपराध शून्य था, लेकिन इस युग में देवताओं के अलावा राक्षस भी हुए और भगवान ने दुनिया को अपनी शक्ति का एहसास कराने के लिए लीला रची और दुष्टों का संघार किया।

त्रेता युग में भगवान राम ने लीला की और समाज में मर्यादा की परिभाषा प्रतिस्थापित की, जिससे आने वाली पीढ़ी प्रेरणा लें। उसके बाद द्वापर युग आया और भगवान कृष्ण ने पूरी दुनिया को प्रेम का संदेश दिया। इन दोनों युगों में भी अपराध हुए लेकिन मात्रा बहुत कम थी। हम जिस युग में जी रहे हैं वह कलयुग है और इसे चतुर्थ युग माना गया है। कलयुग में पाप या अपराध की मात्रा इतनी बढ़ गई कि शक्ति स्वरूपा नारी का अपमान होने लगा। यह समाज के लिए सबसे बड़ा कलंक माना गया है। तीन युग में ईश्वरी शक्तियों ने अपनी लीलाओं के माध्यम से संदेश दिया कि कलयुग में मानव देवताओं से प्रेरणा लें, उनकी भक्ति करें और पाप या नरक से बचें। हालांकि वेद पुराणों में धरती के ऊपर स्वर्ग और नरक की कल्पना की गई है, लेकिन शिक्षित वर्ग का एक बड़ा हिस्सा यह मानता है कि कर्म प्रधान है और कर्मों का भोग इसी धरती पर मिलना है।

चार युग का संक्षिप्त और सार इसलिए देना पड़ रहा है कि कलयुग को छोड़कर बाकी तीनों युगों में ईश्वर का साम्राज्य था, कलयुग में भी है, लेकिन परोक्ष रूप से। ईश्वर तो कण-कण में हैं, ऐसा हम सनातनी मानते हैं, तभी तो हम पत्थर तक की पूजा करते हैं। हिन्दू धर्म विश्वास का नाम है और विश्वास से ही हमारा रिश्ता प्रगाढ़ भी होता है। हमारा विश्वास है कि वेद पुराणों में या हमारे ऋषि महर्षियों ने नववर्ष के लिए चैत्र शुक्ल प्रतिपदा की तिथि को निर्धारित किया है और आज देखने को मिलता है कि हम वास्तविक नववर्ष को भूलकर अंग्रेजियत और यूरोपीय देशों द्वारा थोपे गए नव वर्ष को अधिक उत्साह के साथ मनाते हैं।

आज हम नई पीढ़ी को कुछ दे सकें और ऐसा करें कि नई पीढ़ी उनसे प्रेरणा लें और अंग्रेजों के थोपे गए विरासत को भूलकर हमें अपनी विभूतियों के विरासत को आगे बढ़ाएं। हम आर्यवर्त हैं और सनातनी भी। आर्यावर्त आज कई देशों में भले ही विभक्त हो गया है और हम खंडित आर्यावर्त में रह रहे हैं। खंडित आर्यावर्त से हम दुखी हैं, लेकिन हमारे महापुरूषों ने अखंड भारत के सपने को संजोए आज भी हमें प्रेरणा दे रहे हैं कि राष्ट्र सर्वोपरी होना चाहिए।

हमारी मातृभूमि देवी देवताओं से भी सर्वोत्कृष्ट स्थान रखती हैं, क्योंकि हमारी भारत भूमि में ही राम, कृष्ण और सभी देवी देवताओं ने जन्म लिया, इस तरह देवी-देवता भी हमारी भारत भूमि के पुत्र हैं और मां सबसे पूजनीय होती है।

आज हिन्दू नव वर्ष को अधिक उत्साह के साथ घर-घर मनाने का समय आ गया है, ताकि हिन्दू जागेगा... तो देश जागेगा और हमारी सनातन संस्कृति फिर से प्राचीन वैभव को प्राप्त करेगी और फिर से भारत दुनिया का नेतृत्व करने के लिए सक्षम बनेगा। आदि शक्ति की पूजा भी चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से प्रारंभ होती है और भारत की प्राचीन परंपरा से लेकर आधुनिक परंपरा में शक्ति उपासना की परंपरा सर्वोत्कृष्ट है।

शक्ति मायने मां, शक्ति मायने नारी। शक्ति की उपासना से नववर्ष की शुरूआत करना एक शुभ संकेत माना जा सकता है। भारत ही एक मात्र ऐसा देश है, जहां पर हम भूमि को मां की संज्ञा देते हैं, राष्ट्र को मां की संज्ञा देते हैं। मां सबसे ऊपर है तो राष्ट्र को भी सबसे ऊपर रखकर हमें अपनी नैतिकता को आगे बढ़ाना चाहिए, यह हमारा परम कर्तव्य है और जिस दिन हर हिन्दू यह मान लेगा कि भारत मां सबसे ऊपर है तो मां का परम वैभव पूरे विश्व को दिखेगा। आज देश का नेतृत्व भी ऐसा सक्षम है जो देश दुनिया को दिखा दिया कि भारत हर दृष्टि से सक्षम और समर्थवान बन चुका है।

प्रसून जोशी की यह कविता- सौगंध मुझे इस मिट्टी की यह देश नहीं झुकने दूंगा... यह देश मिटने नहीं दूंगा...। इस कविता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण से पहले कई बार बोलते भी देखा गया। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने भी इस जोशीली कविता को बार-बार पढ़ी और इस पर अमल किया।

आज भी हिन्दुत्व की परिभाषा को कुछ राजनीतिक दल सत्ता के लालच में तोड़ मरोड़ कर पेश करते हैं। हिन्दुत्व कोई धर्म नहीं बल्कि यह विचार है। जिसने आरएसएस को गाली दी या आतंकी की संज्ञा देते हैं, उनसे सचेत रहने की जरूरत है। आरएसएस सिर्फ किसी धर्म संप्रदाय द्वारा चालू किया गया संगठन नहीं है, बल्कि हिन्दुत्व की रक्षा और मां भारती के ललाट को विश्व शिखर पर दमकाने के लिए बनाया गया सार्वभौमिक विचारधारा है। कुछ राजनीतिक दल खाकी पेंट को आतंकवाद की संज्ञा देकर वर्षों तक धर्म संप्रदाय को विमुख रखा, लेकिन जिसने भी आरएसएस की सभा या सम्मेलन में गया, वह आरएसएस के विचार को देखा, जाना, पढ़ा और अपना भी लिया। पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय प्रणव मुखर्जी इसके साक्षात उदाहरण हैं। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. श्री नरसिम्हा राव भी इसके साक्षात उदाहरण हैं, जिन्होंने आरएसएस की महत्ता को जाना और ऐसे विचारधार को आतंकवाद कहना सिर्फ सत्ता लोलुपता ही कहा जा सकता है। आरएसएस के विचार में मां भारती प्रथम और अंतिम है। राष्ट्र प्रथम और सत्ता द्वितीय की भावना जब तक राजनीतिक दलों में नहीं आएगी, तब तक राष्ट्र का वैभव विश्व गगन तक नहीं पहुंच पाएगा। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी भावना को आगे ले जा रहे हैं और राष्ट्र प्रथम... सत्ता द्वितीय की भावना होने के कारण ही आज भाजपा का विस्तार कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक हो रहा है और भारत आगे बढ़ रहा है...।

नई पीढ़ी को भी इस भावना को लेकर आगे बढ़ना होगा और ह्दय में सिर्फ राष्ट्र प्रथम की भावना होगी तभी हमारा युवा भारत मां भारती के वैभव को आगे ले जा पाएगा। हिन्दू को धर्म नहीं बल्कि विचार क्रांति समझकर मां भारती के ललाट को ऊंचा रखें और सभी धर्म संप्रदाय जो हिन्दुस्तान में रहता है... सभी हिन्दू हैं।

आज पूरा विश्व भारत को इस उम्मीद से देख रहा है कि एक दिन भारत विश्व का नेतृत्व करेगा। भारत फिर से प्राचीन वैभव को प्राप्त कर रहा है... तो हम भी यह कंठस्थ कर लें कि हम अपने सनातन धर्म को आगे बढ़ाएंगे और इसकी शुरूआत हिन्दू नववर्ष से करें और नव वर्ष सिर्फ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से प्रारंभ होता है..., नई पीढ़ी को बताएं। इति...।

**शक्ति सामर्थ्य है... शक्ति राष्ट्र है...।**



डॉ गजेन्द्र तिवारी
शिक्षाविद
पाली जिला कोरबा
मो.: 94241-50282

## 09 से नवरात्रि: तामसिक भोजन एवं तामसिक कर्म से रहें दूर, मन से करें भक्ति सुखद फल मिलेगा

सनातन धर्म में सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है चैत्र नवरात्रे। मां दुर्गा के भक्त इस 9 दिन को बेहद प्यार और उत्साह के साथ मानते हैं। इन दिनों भक्त माता को प्रसन्न करने के लिए व्रत भी रखते हैं। बता दें, नवरात्रि साल में चार बार मनाई जाती है- शरद नवरात्र, चैत्र नवरात्र, माघ नवरात्र और आषाढ़ गुप्त नवरात्र। इस साल चैत्र नवरात्र 9 अप्रैल से शुरु होने वाले हैं।

**इन बातों का ध्यान**

**घर में रखें साफ-सफाई**

इन दिनों साफ- सफाई का विशेष ख्याल रखें। गंदगी भरे घर में मां नहीं आती। मां लक्ष्मी भी माता दुर्गा का रूप हैं और उन्हें भी गंदगी भरे घरों में आना पसंद नहीं होता है। तामसिक भोजन से दूरी बनाएं रखें, क्योंकि मां को तामसिक भोजन पसंद नहीं है।

**सच्चे मन से करें पूजा**

अगर आप पूरे सच्चे मन में माता की आराधना करते हैं तो आपको कई गुना फल मिलेगा।

**नवरात्रि में रखें इन बातों का ध्यान**

ज्योतिष एक्सपर्ट्स का कहना है कि भक्तों को चैत्र नवरात्रों के दौरान सुबह उठकर स्नान करना चाहिए। इसके साथ ही नवरात्रि के दौरान तामसिक भोजन जैसे मांस और शराब का सेवन न करें। व्रत के दौरान नाखून, बाल, दाढ़ी नहीं काटनी चाहिए। इस दौरान सरसों के तेल और तिल का भी सेवन न करें। घी का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा नवरात्रि में रोजाना नमक के सेवन से भी बचना चाहिए। सेंधा नमक का इस्तेमाल करें। पूजा के दौरान साफ और पवित्र कपड़े पहनने चाहिए। चमड़े की बनी हुई चीजों का इस्तेमाल न करें।

**चैत्र नवरात्रे में करें इन मंत्रों का जाप**

**मां दुर्गा को प्रसन्न करने के लिए इन मंत्रों का जाप करें।**

**जयन्ती मंगला काली भद्रकाली कपालिनी। दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा स्वधा नमोऽस्तुते।।**

**सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणि नमोऽस्तुते।।**

इति।





## चैत्र नवरात्रि पर एक साथ बन रहे हैं कई शुभ संयोग, जानें किस मुहूर्त में करें कलश स्थापना

नवरात्रि के नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ अलग-अलग रूपों की पूजा करने का बहुत महत्व है। इस दिन का मां के भक्तों को बहुत ही बेसब्री से इंतजार रहता है। चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से हिंदू नव वर्ष की शुरुआत होती है और उसी दिन से शक्ति उपासना का त्योहार चैत्र नवरात्रि भी शुरू हो जाता है। चैत्र नवरात्रि का आरंभ 9 अप्रैल से हो रहा है। माना जाता है कि इस दिन माता की पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने से मन की हर मुराद पूरी होती है। साथ ही जीवन में आने वाले हर कष्ट से छुटकारा मिलता है और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

**चैत्र नवरात्र पर बन रहे हैं ये शुभ संयोग**

इस बार चैत्र नवरात्र पर एक नहीं कई शुभ संयोग बन रहे हैं। नवरात्र के पहले दिन अभिजीत मुहूर्त के साथ सर्वार्थसिद्धि और अमृत सिद्धि योग का शुभ संयोग बन रहा है। प्रात: 7 बजकर 35 मिनट के बाद पूरे दिन सर्वार्थ सिद्धि और अमृत सिद्धि योग रहेगा। इसके साथ ही अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12 बजकर 3 मिनट से 12 बजकर 54 मिनट तक रहेगा। इस बार कई शुभ संयोग के साथ चैत्र नवरात्रि की शुरुआत हो रही है।

**कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त**

चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को सुबह 6 बजकर 11 मिनट से लेकर सुबह 10 बजकर 23 मिनट तक कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त बन रहा है।

**कलश स्थापना की विधि**

चैत्र नवरात्रि के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान कर लें और साफ वस्त्र धारण करें।

इसके बाद घर के मंदिर को साफ करके फूलों से सजा दें।

फिर कलश स्थापना के लिए मिट्टी के एक कलश में पान के पत्ते, सुपारी और पानी भर के रख दें।

इसके बाद लाल कपड़े के ऊपर चावल के ढेर बना लें और कलश स्थापित कर दें।

कलश स्थापित करने के बाद कलश पर कलावा बांधें और उसके ऊपर स्वास्तिक बना लें।

फिर एक मिट्टी के बर्तन में जौ मिलाकर थोड़ा पानी छिड़क कर उसे स्थापित कर दें।

अंत में मां दुर्गा की प्रतिमा रख दें और उनकी पूजा करें। एजेंसी।




सबसे पहले
लाइफ इंश्योरेंस
जीवन के साथ भी
जीवन के बाद भी...
एलआईसी का
जीवन
उत्सव
उत्सव
मनाने का
गारंटीड तरीका
Plan No.: 871
UIN: 512N363V01
आजीवन गारंटीड रिटर्न
के साथ
ऑनलाइन भी उपलब्ध
पूर्ण आयु जीवन बीमा एवं लाभ भुगतान के विकल्प
सीमित प्रीमियम भुगतान अवधि 5 से 16 वर्ष
प्रीमियम भुगतान अवधि के दौरान गारंटीकृत वृद्धि
नियमित आय लाभ / फ्लेक्सी आय लाभ
न्यूनतम मूल बीमा राशि 5 लाख
एक नॉन-लिंक्ड, नॉन-पार्टिसिपेटिंग, व्यक्तिगत, बचत, पूर्ण आयु जीवन बीमा योजना
एलआईसी है तो कहीं
और क्यों जाना...
LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ
सभी नई पॉलिसियों की अधिक जानकारी के लिए आज ही संपर्क करें-
सालिक राम राजवाड़े
(बीमा अभिकर्ता)
वेदांत बीमा सेवा केंद्र
कार्यालय : प्रेस क्लब तिलक भवन के सामने, रिकाण्डो रोड टी.पी. नगर कोरबा
निवास : सत्यनारायण मंदिर के पास, पोड़ी बहार कोरबा, मो.नं.-90987-52955

# माँ सर्वमंगला देवी मंदिर में 09 अप्रैल से जलेंगे आस्था के दीप





**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा शहर से लगी जीवनदायनी माँ हसदेव नदी के तट पर स्थित माँ श्री सर्वमंगला देवी मंदिर परिसर दुरपा कोरबा हसदेव नदी तट में विश्व कल्याण जगत माता जगदम्बिका माँ श्री सर्वमंगला देवी की असीम अनुकम्पा से बसंत चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर श्री सर्वमंगला देवी की पवित्र भूमि में चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा दिन मंगलवार, दिनांक 09 अप्रैल 2024 से प्रारंभ होगा एवं बसंत चैत नवरात्रि पर्व शुक्ल पक्ष नवमी दिन बुधवार, दिनांक 17.04.2024 तक श्री सर्वमंगला देवी मंदिर में सर्वमनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित होंगे।

प्रबंधक एवं व्यवस्थापक नन्हा पाण्डेय (नमन्) ने बताया कि सर्वकामना ज्योति कलश के अलावा सतचंडी यज्ञ, यज्ञोपवित संस्कार एवं जसगीत गायन, कीर्तन-भजन का आयोजन रखा गया है। समस्त धर्मानुरागियों से प्रार्थना है कि मातेश्वरी माँ श्री सर्वमंगला देवी के दर्शन लाभ चरणों में मनोकामना अर्पित कर अपना जीवन सफल बनावें। उक्त पुण्य कार्यो में तन-मन-धन से सहयोग देकर पुण्य यज्ञ को सफल बनावें। श्री सर्वमंगला देवी मंदिर में सर्वमनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित हेतु तैल्य ज्योति कलश हेतु 701/- रूपए एवं घृत ज्योति कलश के लिए 2100/- रूपए जमा कर मंदिर परिसर स्थित कार्यालय से रसीद प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा अन्य व्यक्तियों एवं संस्थानों से सम्पर्क कर सकते हैं।

बसंत चैत्र नवरात्रि पर्व 09.04.2024, मंगलवार से प्रारंभ होगा। ज्योति कलश हेतु 2100/- रूपये जमा कर रसीद लेवें सर्वमनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलन हेतु तैल्य ज्योति कलश 701/- रूपये एवं घृत सर्वमनोकामना ज्योति कलश का हवन दिनांक 16.04.2024, मंगलवार को होगा। जवारा कलश विसर्जन, पूर्णाहुति, सहस्त्रधारा, कपिलातर्पण, सजीयादान दिनांक 17.04.2024, बुधवार को होगा। माँ सर्वमंगला की मंगल आरती प्रतिदिन प्रातः काल एवं संध्या 7.00 बजे होगी। माँ का भोग प्रसाद प्रतिदिन दोपहर 12.00 बजे होगा। कृपया ज्योति कलश दर्शन कतारबद्ध होकर करें एवं रसीद साथ लावें। कृपया अपने सामानों की रक्षा स्वयं करें। माँ सर्वमंगला देवी का मंगल श्रृंगार प्रतिरात्रि 11.00 बजे होगी। प्रतिदिन भजन, कीर्तन एवं माता जसगीत अखंड रूप से चलता रहेगा। श्री सर्वमंगला देवी मंदिर परिसर में नवरात्रि पर्व पर सुबह-शाम भंडारे का आयोजन रखा गया है। श्री सर्वमंगला देवी मंदिर परिसर के पास दुकान लगाने के इच्छुक व्यापारीगण सादर आमंत्रित हैं। कृपया पुजारी / प्रबंधक से संपर्क करें। ज्योति कलश नवरात्रि पर्व का प्रसाद मंदिर परिसर कार्यालय से प्राप्त करें।

## इन स्थानों से भी राशि जमा कर रसीद प्राप्त कर सकते हैं- सम्पर्क स्थल

माँ सर्वमंगला मंदिर परिसर दुरपा कोरबा, अविनाश स्टेशनरी, दर्री रोड कोरबा, मो. 7697777770, अविनाश ट्रेडर्स, दरी रोड कोरबा, मो. 98271-89511, जय माँ दक्षिणेश्वरी डेली नीड्स, बजरंग टाकीज के सामने,कोरबा- 9754926033, पवन जनरल स्टोर्स, उरगा-कोरबा, महामाया बुक डिपो, बालको- 243034, शारदा प्रोविजन स्टोर्स, इंदिरा कॉम्पलेक्स, जमनीपाली, रतन जनरल स्टोर्स, विकास नगर कसमुण्डा-272130, शंकर लाल दुबे, छुरीकला - 7898597355, गोपाल जनरल स्टोर, घुड़देवा-7771899437, गायत्री मेडिको, निहारिका -9424141437, सरस्वती बुक डिपो, जूनाडीह -275888, मित्तल ऑटोमोबाईल्स, सुराकछार - 9425226745, गणेश ऑटो पार्ट्स एण्ड गणेश पान मसाला, बालको- 9893349692, 7999876704, नरेश चौहान, मुड़ापार 9098156287, सर्वमनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित हेतु तेल्य ज्योति कलश 701/- रू. एवं घृत ज्योति कलश 2100/- रू. जमा कर रसीद प्राप्त करें।

## सर्वमंगला देवी मंदिर परिसर में लगा डोम : श्रद्धालुओं को ठंड, बरसात एवं गर्मी में मिलेगी राहत



माँ सर्वमंगला देवी मंदिर प्रबंधन ने मुख्य द्वार से लगे परिसर में भव्य डोम लगवा दिया। इससे परिसर की शोभा बढ़ी है, वहीं श्रद्धालुओं को बरसात, ठंड एवं गर्मी में राहत मिलेगी। अभी वर्तमान में काफी गर्मी पड़ रही है, ऐसा लग रहा है कि आसमां से आग के गोले बरस रहे हैं और धरती आग उगल रही हो, ऐसे में 9 अप्रैल से प्रारंभ हो रही चैत्र नवरात्रि में लंबी लाईन में लगे श्रद्धालुओं को डोम लगने से राहत मिलेगी।

## बालको ने समुदाय के साथ धूमधाम से मनाया उन्नति उत्सव

# स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को उद्यमशीलता कौशल को निखारने का अवसर दिया

### प्रेरणादायक लोगों को उनके सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित किया

### समुदायिक स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए एक नई मोबाइल हेल्थ वैन ( एमएचवी ) लॉन्च

**बालकोनगर ( दिव्य आकाश )।**

बालकोनगर, वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) में सामुदायिक विकास कार्यक्रम की 'उन्नति परियोजना' के अंतर्गत 'उन्नति उत्सव' का तीसरा वार्षिकोत्सव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 के अवसर पर आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय की महिलाओं में उद्यमशीलता कौशल को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में प्रदर्शनी के माध्यम से उद्यमशीलता कौशल से संपन्न और स्वयं सहायता समूहों में संगठित महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों पर प्रकाश डाला गया, जिसमें सजावट की वस्तुओं, खाद्य पदार्थों तथा स्वास्थ्य और स्वच्छता उत्पादों की एक श्रृंखला शामिल थी। इस आयोजन में समुदाय की 650 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया जिन्हें वित्तीय आत्मनिर्भरता के लिए प्रोत्साहित किया गया।

उन्नति उत्सव के तीसरे वार्षिकोत्सव में समुदाय की महिलाओं के लिए विभिन्न खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रम को शामिल किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने छत्तीसगढ़ के समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाते हुए स्थानीय नृत्य कर्मा और राउत का प्रदर्शन किया। सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए उन्होंने महिला सशक्तिकरण, माहवारी स्वास्थ्य प्रबंधन, उद्यमिता और लड़कियों की शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों को संबोधित करने वाले नाटकों और प्रदर्शनों का मंचन किया।

प्रभावशाली नाटकों, सांस्कृतिक प्रदर्शनों, पुरस्कार समारोह और स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के स्टालों के साथ मनोरम प्रदर्शनी की विशेषता वाले उन्नति उत्सव में 1000 से अधिक व्यक्तियों ने भागीदारी की। आयोजन ने एसएचजी की महिलाओं के लिए प्रचार और कमाई के अवसर प्रदान करने का मंच भी दिया जिन्होंने आम आगंतुकों के लिए खुली प्रदर्शनी में अपने हस्तनिर्मित भोजन और सजावट की वस्तुओं के साथ स्टॉल लगाए थे।

उन्नति परियोजना और आयोजना की सराहना करते हुए, बालको मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि बालको समुदाय की महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण, वित्तीय साक्षरता, बाजार से जुड़ाव प्रदान करके उनकी आत्मनिर्भरता एवं सशक्तिकरण की यात्रा में सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट उन्नति के माध्यम से हमारा लक्ष्य महिलाओं के वित्तीय सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है, जिससे वे समाज के भीतर अपनी व्यक्तिगत पहचान स्थापित कर सकें और अपने परिवार, समाज और राष्ट्र की उत्तरोत्तर प्रगति में योगदान कर सकें।

बालको ने स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल और स्थायी आजीविका पर बालको की विभिन्न सामुदायिक विकास परियोजनाओं के तहत सामाजिक कार्यों में उल्लेखनीय योगदान के लिए समुदाय के 16 लोगों को सम्मानित भी किया। समुदाय में सकारात्मक बदलाव लाने जैसे माहवारी संबंधित मिथकों को दूर करने से लेकर व्यक्तियों को स्थायी आजीविका, आवश्यक कौशल और मुफ्त में प्राथमिक शैक्षणिक सहायता प्रदान करने के उनके प्रेरक प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया।

कंपनी ने समुदाय के स्वास्थ्य एवं कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए कार्यक्रम के दौरान मोबाइल हेल्थ वैन (एमएचवी) पहल के तहत दूसरा वैन भी लॉन्च की। 'उपचार आपके द्वार' थीम पर हर 15 दिनों में स्वास्थ्य शिविर और परामर्श सेवाओं के माध्यम से वैन 47 से अधिक समुदाय को स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर रहा है।

## क्या है बालको की उन्नति योजना ?

'उन्नति' बालको की प्रमुख सामुदायिक विकास परियोजना है जो महिला स्व-सहायता समूहों (एसएचजी) को सशक्त बनाने और संगठित करने तथा उद्यमिता एवं स्थायी आजीविका के निर्माण के लिए उनकी क्षमताओं और कौशल का सम्मान करते हुए उन्हें निखारने पर केंद्रित है। बालको ने प्रोजेक्ट उन्नति के तहत गोंकरा लोक कला (छत्तीसगढ़ की स्थानीय कला), छत्तीसा (स्थानीय व्यंजन), मिट्टी की मूर्तियाँ, भित्ति कला, मशरूम की खेती, पेपर बैग सहित 12 उत्पादों की पेशकश करने वाली 7 सूक्ष्म उद्यम इकाइयाँ स्थापित की हैं। सामुदायिक और सामाजिक सेवाओं के लिए समर्पित एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) जीपीआर स्ट्रैटेजीज़ एंड सॉल्यूशंस (जीपीआरएसएस) के साथ साझेदारी में चल रही इस परियोजना ने बालको के आसपास के समुदाय में 5700 से अधिक महिलाओं को प्रभावित किया है।



### मोबाइल हेल्थ वैन लांच



कोरबा जिले के मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी (सीएचएमओ) डॉ. एस.एन. केसरी ने एमएचवी के लॉन्च की सराहना करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल का अधिकार है। नागरिकों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। बालको द्वारा लॉन्च की गई दूसरी मोबाइल हेल्थ वैन से दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं में मदद मिलेगी।





### 1.50 लाख लोगों तक पहुंच रहा सामुदायिक विकास

बालको अपने सामुदायिक विकास कार्यक्रमों के माध्यम से छत्तीसगढ़ के 4 जिलों कोरबा, कवर्धा, सरगुजा और रायपुर सहित 123 गांवों में सालाना 1.5 लाख से अधिक लोगों तक लाभ पहुंचा रहा है। बालको सामुदायिक विकास परियोजनाओं का उद्देश्य शिक्षा, स्थायी आजीविका, स्वास्थ्य, जल एवं स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण, खेल और सांस्कृति संरक्षण के साथ सभी के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। सामुदायिक संपत्ति सृजन जैसे वन तालाब कुआं आदि सामुदायिक विकास परियोजनाओं में शामिल है।






# प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रशांत मिश्रा को जन्मदिन पर दी गई दीर्घायु एवं यशस्वी जीवन की शुभकामनाएं

**पाली ( दिव्य आकाश )।**

जिले के ही नहीं बल्कि प्रदेश के कद्दावर कांग्रेस नेता एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रशांत मिश्रा का जन्म दिन (01) अप्रैल 2024 को बड़े धूमधाम से विभिन्न स्थानों पर मनाया गया। सुबह से उन्हें बधाई देने जिले एवं प्रदेश भर से मोबाईल की घंटी बजती रही। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत सहित कोरबा जिले के एवं प्रदेश के कांग्रेस विधायक, पूर्व मंत्रियों, नवीन सिंह ने उन्हें मोबाईल पर जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित की।

इसके बाद स्नान ध्यान कर श्री मिश्रा परिवार सहित भगवान शिव मंदिर पहुंचें और पूजा अर्चना की और परिवार की खुशहाली सहित प्रदेश की खुशहाली की कामना की। सुबह उठकर श्री मिश्रा ने अपनी मां श्रीमती लक्ष्मी देवी मिश्रा के श्रीचरणों को नमन किया। माता ने अपने पुत्र को दीर्घायु एवं यशस्वी जीवन का शुभ आशीर्वाद दिया। इसके बाद उनकी धर्मपत्नी श्रीमती अनामिका मिश्रा ने आरती उतारकर एवं तिलक लगाकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। अग्रज प्रमोद मिश्रा को भी प्रणाम किया और प्रमोद मिश्रा ने अपने अनुज को शुभ आशीर्वाद दिया । पूजा पाठ के बाद 10.30 बजे प्रशांत मिश्रा अपने कार्यालय पहुंचे, जहां पर उनके समर्थक पहले से ही उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित करने के लिए इंतजार कर रहे थे। कार्यालय में आसपास के कांग्रेस नेता एवं समर्थक बड़ी संख्या में पहुंचे थे और सभी ने मुंह मीठा कर एवं बूके देकर उन्हें शुभकामनाएं दी।



शुभकामनाएं देने वालों में ब्लाक कांग्रेस कमेटी पाली के अध्यक्ष यशवंतलाल, जिला सचिव सुरेश गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार कमल वैष्णव, पूर्व विधायक प्रतिनिधि अनिल गुप्ता , अरविंद गुप्ता, अजय सैनी, रवि कश्यप, छोटू राबिशन, चमेली सोनी, दीपाली राय, सुमन सारथी, सत्यनारायण पैकरा, कपिल दास, प्रकाश तिवारी, दिनेश महंत, पवन ध्रुव, बबलू पटेल, दीपक जायसवाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवा दल एवं समर्थक तथा शुभचिंतक उपस्थित थे। श्री मिश्रा ने बधाई देने वाले सभी लोगों का अभिवादन किया।







नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने भाजपा प्रदेश प्रभारी नबीन के बयान पर साधा निशाना

# शराब बंदी की बात करते-करते रेट बढ़ाकर कर रहे कमाई

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने बिहार के कैबिनेट मंत्री एवं छत्तीसगढ़ भाजपा प्रभारी नीतिन नबीन के बयानों पर निशाना साधते हुए बड़ा हमला बोला। डॉ. महंत ने कहा कि शराब बंदी की बात करने वाले रेट बढ़ा कर कमाई करने में लग गए। शराब बंदी के मसले पर डॉ. महंत ने कहा कि हमारी सरकार इसकी ओर अग्रसर थी लेकिन भाजपा ने तो सत्ता में आने के साथ ही शराब की कीमत बढ़ा कर कमाई करने की ठान ली है। हमने तो कांग्रेस सरकार बनते ही किसानों का सारा कर्ज 2 घंटे के भीतर माफ कर दिया था। कांग्रेस के बैंक खातों को सीज करने के लिए कर्म की बात करने वाले भाजपा नेता यह तो देख लें कि कांग्रेस मुक्त देश करते-करते अब भाजपा को ही कांग्रेसयुक्त करते जा रहे हैं। अपनी पार्टी की हार तय मान चुके हैं, इसलिए अप्रत्यक्ष रूप से डरा कर, धमका कर, दबाव बना कर कांग्रेसियों को अपने खेमे में शामिल कर रहे हैं। कांग्रेस ने हर सरकार में गरीबों और युवाओं के भले के लिए काम किया और नीतियां बनाई हैं, किंतु भाजपा ने युवाओं को बेरोजगार व गरीबों को और गरीब बनाने का बीड़ा उठाया है।



# भूपेश-मुक्तेश्वरी का बैंक बैलेंस 3 महीने में ढाई गुना बढ़ा, विधानसभा चुनाव में बघेल के पास 50 लाख कैश था, लखमा, ताम्रध्वज की जमा पूंजी भी ज्यादा

**रायपुर, एजेंसी।**

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में सत्ता जाते ही तीन महीने में भूपेश बघेल का बैंक बैलेंस 50 लाख से करीब डेढ़ करोड़ और उनकी पत्नी का 1 करोड़ से ढाई करोड़ हो गया। बघेल ने नामांकन के दौरान जो शपथ पत्र दिया है, उसके मुताबिक उनके पास वर्तमान में 1 करोड़ 30 लाख 56 हजार 420 कैश है। चुनाव के दौरान उनके पास 56 लाख 3,923 रुपए थे।

पूर्व सीएम की पत्नी मुक्तेश्वरी बघेल के पास वर्तमान में 2 करोड़ 70 लाख 62 हजार 656 रुपए हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान इनके पास 1 करोड़ 38 लाख 15 हजार 326 रुपए थे। इसी तरह पूर्व मंत्री कवासी लखमा और ताम्रध्वज साहू के पैसे भी बढ़े हैं।

**कवासी की भी संपत्ति बढ़ी**

बस्तर लोकसभा सीट से कांग्रेस ने कवासी लखमा और बीजेपी ने महेश राम कश्यप को प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस नेता कवासी लखमा, बीजेपी प्रत्याशी महेश राम से संपत्ति के मामले में बहुत आगे है। इसके साथ ही पूर्व सरकार में मंत्री रहे कवासी लखमा की संपत्ति भी प्रदेश में सरकार जाने के बाद बढ़ी है। नामांकन के दौरान कवासी लखमा ने जो शपथ पत्र दिया है, उसके अनुसार उनके पास नगद 49 लाख 55 हजार 530 रुपए है।

विधानसभा चुनाव के दौरान जब उन्होंने शपथ पत्र दिया था, उस दौरान उनके पास 34 लाख 71 हजार 40 कैश थे। कवासी लखमा के अलावा उनकी पत्नी कवासी बुधारी की आय बढ़ी है। उनके पास नगद और बैंक अकाउंट में वर्तमान में 28 लाख 70 हजार 560 रुपए बढ़ा है। जबकि विधानसभा चुनाव में उनके पास 21 लाख 77 हजार 739 रुपए थे।

**ताम्रध्वज साहू की नगद राशि में इजाफा**

महासमुंद लोकसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी बने पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू की आय में भी बढ़ोत्तरी हुई है। वर्तमान में ताम्रध्वज साहू के पास में 1 करोड़ 70 लाख 38 हजार 680 रुपए नगद है। विधानसभा चुनाव में इनके पास 1 करोड़ 46 लाख 47 हजार 738 रुपए कैश थे। कांग्रेस प्रत्याशी साहू बीजेपी प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी से नगद और संपत्ति के मामले में कई गुना आगे हैं।

**संतोष पांडे के पास खुद की गाड़ी नहीं**

राजनांदगांव से बीजेपी के प्रत्याशी बने संतोष पांडे ने भी नामांकन के दौरान अपनी संपत्ति का ब्योरा दिया है। बीजेपी प्रत्याशी संतोष पाण्डेय के नाम पर एक बाइक है। वर्तमान सांसद संतोष पांडे के पास खुद का चार पहिया वाहन नहीं है। नगदी की बात करें तो संतोष पाण्डेय के पास 1 लाख 8 हजार रुपए है।

**भोजराज के पास नगदी से ज्यादा जेवरात**

कांकेर के भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग के पास कुल सम्पत्तियों में नगदी से ज्यादा गहने हैं। शपथपत्र के मुताबिक भोजराज के पास खुद के खाते में एक लाख 60 हजार रुपये और उनकी पत्नी के खाते में एक लाख रुपए कैश हैं, वहीं बैंकों में सात लाख के करीब जमा है। पत्नी के गहनों की कीमत 6 लाख 83 हजार रुपए बताई गई है, वहीं भोजराज के पास 3 लाख 20 हजार रुपए के गहने हैं।

**माननीयों की आय का स्त्रोत कारोबार और खेती**

सांसदी का चुनाव लड़ रहे अधिकांश प्रत्याशियों की आय का स्त्रोत मानदेय, ट्रांसपोर्ट का कारोबार और खेती है। बीजेपी नेता संतोष पांडे ने आय का स्त्रोत मानेदय के अलावा किराया लेना दर्शाया है। वहीं नगद पैसा रखने के मामले में कांग्रेस-बीजेपी प्रत्याशियों से ज्यादा उनके पाटर्नर आगे हैं।

## बलौदाबाजार में 2 करोड़ 25 लाख का गांजा जब्त

### एंबुलेंस की आड़ में की जा रही थी गांजा तस्करी, 2 अंतर्राज्यीय स्मगलर गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, एजेंसी।**

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में पुलिस ने 2 करोड़ 25 लाख 60 हजार रुपए का गांजा जब्त किया है। मामले में 2 अंतर्राज्यीय तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से 752 किलो गांजा जब्त किया गया। मामला भाटापारा ग्रामीण क्षेत्र का है।

रविवार को एसपी सदानंद कुमार ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 6 अप्रैल को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सुबह 10 बजे सारंगढ़-बिलाईगढ़ की ओर से बलौदाबाजार होते हुए एंबुलेंस से भारी मात्रा में गांजा लाया जा रहा है। इसके बाद भाटापारा ग्रामीण थाना पुलिस ने पटपर चौक पेट्रोल पंप के पास नाकेबंदी कर एंबुलेंस (क्रमांक CG04 HD 7836) को पकड़ लिया।

**कुल 2 करोड़ 41 लाख का सामान जब्त**

तलाशी लेने पर एंबुलेंस से 24 प्लास्टिक की बोरी में 752 पैकेट में बंधा हुआ भारी मात्रा में गांजा मिला। वजन कराने पर इसमें से 750 किलोग्राम (7 क्विंटल 52 किलोग्राम) गांजा मिला, जिसकी कीमत 2 करोड़ 25 लाख 60 हजार रुपए है। पुलिस ने 2 करोड़ 25 लाख 60 हजार का गांजा, एंबुलेंस कीमत 15 लाख और 50 हजार नगद समेत 2 करोड़ 41 लाख 10 हजार रुपए का सामान जब्त किया है।

**एंबुलेंस को किया गया जब्त**

एसपी ने कहा कि तस्करों ने चालाकी दिखाते हुए गांजा तस्करी के लिए एंबुलेंस का सहारा लिया, क्योंकि एंबुलेंस को कहीं पर भी नहीं रोका जाता है। उन्होंने कहा कि जिस एंबुलेंस को जब्त किया गया है, उसमें तीन राज्यों के अलग-अलग नंबर प्लेट मिले हैं। इन्हें जरूरत के मुताबिक तस्कर बदलते रहते थे और आसानी से अपनी मंजिल तक पहुंच जाते थे।

**ओडिशा से लाया जा रहा था गांजा**

गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे पहले भी ये काम कर चुके हैं, लेकिन पहली बार उन्हें पकड़ा गया है। पुलिस उनसे ये जानने की कोशिश कर रही है कि उनके गिरोह में कौन-कौन से लोग शामिल हैं।आरोपियों ने बताया के वे गांजा ओडिशा से लेकर आ रहे थे और उसे मध्यप्रदेश ले जाया जा रहा था। दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 20B NDPS एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

**3 आरोपियों की तलाश अभी भी जारी**

आरोपियों के नाम सागर चौहान (24) और वकील कुमार गौतम (31) हैं। सागर दुर्ग जिले के कुम्हारी थाना क्षेत्र और वकील कुमार गौतम उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर का रहने वाला है। मामले में एंबुलेंस मालिक हेमंत सिंह, अब्दुल अंसारी निवासी कोरबा और भिलाई निवासी प्रतीक की तलाश जारी है। ये तीनों आरोपी भी मामले में लिप्त बताए जा रहे हैं।

## ट्रांसफॉर्मर गोदाम अग्निकांड : 6 सदस्यीय हाईलेवल कमेटी हफ्ते भर में देगी रिपोर्ट

**रायपुर, एजेंसी।**

रायपुर के गुढ़ियारी इलाके में स्थित बिजली कंपनी CSPDCL के मुख्य गोडाउन में आग लगने से करोड़ों का नुकसान हुआ है। वहीं इस पूरे मामले की जांच करने के लिए सीएम विष्णु देव साय के निर्देश पर CSPDCL के महाप्रबंधक पीके कश्यप ने 6 अधिकारियों की हाई लेवल जांच कमेटी बनाई है।

यह कमेटी एक सप्ताह में 5 बिन्दुओं पर अपनी जांच रिपोर्ट सौंपेगी। शनिवार को गोडाउन में लगी आग से प्रभावित 40 परिवारों को 3 लाख 60 हजार रुपए मुआवजा राशि दी गई है।

**इन 5 बिंदुओं पर होगी जांच**

आग लगने के कारणों के संबंध में।
दुर्घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारी / कर्मचारी / एजेंसी के संबंध में।
दुर्घटना से कंपनी को वित्तीय और भौतिक रूप से हुई क्षति के संबंध में।
भंडार गृह के संचालन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के संबंध में सुझाव।



भविष्य में इस प्रकार की अन्य दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सुझाव।

सीएसपीडीसीएल के महाप्रबंधक पीके कश्यप ने हाई लेबल जांच कमेटी में भीम सिंह कंवर- कार्यपालक निदेशक, संदीप वर्मा-कार्यपालक निदेशक, यशवंत शिलेदार- अति मुख्य अभियंता, गोपाल मूर्ति- अतिमहाप्रबंधकद्ध(वित्त), ए श्रीनिवास राव-मुख्य सुरक्षा अधिकारी, डीडी चौधरी-अधीक्षण अभियंता को शामिल किया है। ये जांच अधिकारी एक सप्ताह में जांच रिपोर्ट सौपेंगे।

## छत्तीसगढ़ में आदिवासियों के चुनाव बहिष्कार की चेतावनी

**रायपुर, एजेंसी।**

पुलिस ने आदिवासी नेता सुरजू टेकाम को 2 अप्रैल को नक्सल कनेक्शन के आरोप में गिरफ्तार किया था। इसके विरोध में आदिवासियों ने चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दी है। उनका मानना है कि सुरजू को विस्फोटक और नक्सल सामग्री प्लांट कर पुलिस ने फंसाया है।

अगले दिन एक वीडियो सामने आता है। इसमें पुलिस की तलाशी के दौरान एक लड़की की आवाज सुनाई दे रही है, कि ये काले रंग का बैग हमारा नहीं है। पुलिस वाले अंकल ही इसे भीतर लेकर आए हैं। टेकाम का परिवार भी पुलिस कार्रवाई का विरोध करते हुए वीडियो में दिख रहा है।




## फिर बदला मौसम: रायपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में अंधड़ के साथ हल्की बारिश, 2 दिन के लिए ऑरेंज अलर्ट, ओले गिरने के आसार

**रायपुर, एजेंसी।**

वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) के कारण छत्तीसगढ़ में मौसम विभाग ने आज और कल 2 दिन के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान प्रदेश में तेज अंधड़ चलने के गरज-चमक के साथ बारिश के आसार हैं। रायपुर में सुबह से ही तेज हवा चल रही है। हल्की बूंदाबांदी भी हुई है।

मौसम विभाग के मुताबिक अगले 2 दिन रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, सरगुजा और बस्तर संभाग के जिलों में मौसम बदला रहेगा। 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से आंधी भी चल सकती है। प्रदेश में अगले 2 दिनों में अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री कि गिरावट होगी।

रायपुर और आसपास के जिलों में सुबह से बादल छाए हुए हैं। तेज हवाएं चल रही हैं। शनिवार को प्रदेश में सबसे गर्म डोंगरगढ़ रहा। यहां दिन का पारा 42.7 डिग्री रहा। राजनांदगांव में दिन का तापमान 42 डिग्री रहा। रायपुर में 41.4 डिग्री पारा पहुंच गया है।

**इन जिलों में आज बारिश के आसार**

मौसम विभाग के मुताबिक आज सरगुजा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग और बस्तर संभाग में गरज-चमक के साथ बारिश होगी। रायपुर में



सुबह से ही मौसम बदला हुआ है, तेज हवाएं चल रही हैं, इसके साथ बारिश हुई है।

**9 और 10 अप्रैल को यलो अलर्ट जारी**

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि प्रदेश में अगले चार दिन मौसम बदला रहेगा। 9 और 10 अप्रैल को मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की बारिश के साथ एक दो स्थानों पर गरज-चमक और बिजली गिरने की संभावना है।

मौसम बदलने के कारण अगले 4 दिनों तक प्रदेश का तापमान कम रहेगा, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी।

**इन जिलों में ओलावृष्टि की संभावना**

मौसम विभाग के मुताबिक छत्तीसगढ़ के मध्य क्षेत्र के जिलों में ओले गिरने की संभावना है। इनमें रायपुर, दुर्ग, महासमुंद, बलौदाबाजार, धमतरी, बेमेतरा जिले में आज ओलावृष्टि हो सकती है।

**इन जिलों में तापमान 40 डिग्री के पार**

शनिवार को छत्तीसगढ़ के 7 जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार चला गया। रायपुर में दिन का पारा 41.4 डिग्री रहा। राजनांदगांव में 42 डिग्री, दुर्ग में 41.2, बिलासपुर में 40.4 डिग्री, कोरबा में 40.7, महासमुंद में 40.6, बस्तर में 40.2, बीजापुर में 41.4 और दंतेवाड़ा में 41.5 डिग्री अधिकतम तापमान रिकॉर्ड किया गया है।

**बढ़ने लगा रात का टेंपरेचर**

प्रदेश में अधिकतम तापमान के साथ न्यूनतम तापमान में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। रात का पारा अब 25 डिग्री के पार पहुंचने लगा है। शुक्रवार को रायपुर में रात का तापमान 26.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं, राजनांदगांव में 27 डिग्री, जगदलपुर में 25.6 डिग्री, दुर्ग में 24.6 डिग्री और बिलासपुर में 24 डिग्री तापमान दर्ज हुआ है।

## बिलासपुर में रेलवे की महिला अफसर ने की खुदकुशी, हरियाणा की नेशनल बॉक्सिंग प्लेयर थी

**बिलासपुर, एजेंसी**

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में शनिवार शाम को रेलवे की महिला अधिकारी ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने महिला अधिकारी के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है। इस में रेलवे के सीनियर अधिकारी पर प्रताड़ना का आरोप लगा रहा है। हालांकि ऐसा सोशल मीडिया पर चल रहा है। घटना तोरवा थाना क्षेत्र के एनई कॉलोनी की है।

जानकारी के मुताबिक, राष्ट्रीय स्तर की बॉक्सिंग प्लेयर विनीता साहनी (37) रेलवे के कमर्शियल विभाग में इंस्पेक्टर थी। शनिवार को वह अपनी 8 साल की बेटी के साथ घर पर अकेली थी। पति जिम संचालक हैं, जो अपने काम पर गए हुए थे। दोपहर में बेटी दूसरे कमरे में खेल रही थी। इसी बीच विनीता ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी।

### रेलवे के अधिकारी विकास कश्यप पर लगा प्रताड़ना का आरोप

सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भी सामने आया है, जिसमें रेलवे के अधिकारी की प्रताड़ना से तंग आकर विनीता के सुसाइड की बात कही जा रही है। प्रताड़ना का आरोप एक सीनियर अधिकारी पर लगा है। इधर, अब तक इस मामले में रेलवे अधिकारियों का कोई बयान सामने नहीं आया है।



**बेटी ने देखा फंदे पर लटका मां का शव**

बेटी जब शाम को अपनी मां को ढूंढ़ते हुए कमरे में पहुंची, तो उसे फांसी के फंदे पर लटका हुआ देख घबरा गई। उसने फौरन पड़ोसियों को बुलाया। पड़ोसियों ने महिला को फांसी के फंदे से उतारकर रेलवे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन जांच के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना पाते ही पति के साथ ही तोरवा थाना पुलिस भी रेलवे अस्पताल पहुंची। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है।

**स्पोर्ट्स कोटा से रेलवे में मिली थी नौकरी**

राष्ट्रीय स्तर की बॉक्सिंग प्लेयर विनीता साहनी की स्पोर्ट्स कोटा में बिलासपुर रेलवे जोन में नियुक्ति हुई थी। वह मूल रूप से हरियाणा की रहने वाली थी। पूछताछ में पति ने बताया कि विनीता सुबह कंधे का एक्स-रे कराने रेलवे अस्पताल गई थी। उसे गिरने से कोहनी और कंधे में चोट आई थी।

एक्सरे कराने के बाद वह घर चली गई। बच्चे को नाश्ता कराने के बाद घर पर ही थी। शाम को उसकी आत्महत्या की खबर मिली।

## केंद्रीय विद्यालय के हर क्लास में 8-8 सीटों की कटौती, इंटर-स्टेट ट्रांसफर पॉलिसी भी बदली, छत्तीसगढ़ में 37 स्कूल, 15 अप्रैल तक आवेदन

**रायपुर, एजेंसी।**

छत्तीसगढ़ में केंद्रीय विद्यालय (केवी) में छात्रों के एडमिशन के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस बार केवी ने हर क्लास में 8-8 सीटें कम कर दी हैं। वहीं बच्चों की ट्रांसफर पॉलिसी में भी बदलाव किया है। इसका सबसे ज्यादा असर प्राइवेट सेक्टर में काम कर रहे पैरेंट्स पर पड़ेगा।

दरअसल, नए शिक्षा सत्र में केवी की ओर से एडमिशन की अधिसूचना में 32 सीटों के लिए ही आवेदन मांगे गए हैं। अभी तक प्राइमरी से हायर सेकेंडरी तक हर क्लास में 40-40 सीटें होती थीं। केंद्रीय विद्यालयों में हर साल बड़ी संख्या में आवेदन आते हैं, सीटें घटने से अब मुश्किल होगी।

**अधिक बच्चे होने से ध्यान नहीं दे पाते शिक्षक**

जानकारों का कहना है कि, केवी में अधिक संख्या में छात्र होने से उन पर पूरे रूप से ध्यान दे पाना संभव नहीं होता है और उनकी क्षमता घट जाती है। इस कारण सीट में कटौती संबंधित यह निर्णय लिया गया है। हालांकि छात्र और परिजनों में इसे लेकर निराशा है।

**कक्षा-1 के लिए 15 अप्रैल तक आवेदन**

आदेश के मुताबिक, केवीएस में कक्षा 1 में प्रवेश के लिए 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। पहली चयन सूची 19 अप्रैल को जारी होगी। इसके बाद 29 अप्रैल और 8 मई को लिस्ट जारी की जाएगी।

बाकी कक्षाओं के लिए 10 अप्रैल तक आवेदन प्रक्रिया चलेगी। इन कक्षाओं की चयन सूची 15 अप्रैल को जारी की जाएगी। इस आधार पर 16 से 29 अप्रैल तक प्रवेश होंगे। प्रवेश की अंतिम तिथि 29 जून है। ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट kvsonlineadmission.kvs.gov.in से किए जा सकते हैं।

**अब समझिए पॉलिसी में बदलाव से क्या पड़ेगा असर...**

केंद्रीय विद्यालय में सरकारी नौकरी करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के साथ ही प्राइवेट सेक्टर में काम कर रहे लोगों के बच्चों को एडमिशन दिया जाता है। अगर पैरेंट्स का कहीं और तबादला होता है तो बच्चों को भी इंटर-स्टेट ट्रांसफर की सुविधा मिलती थी। अब इसमें संशोधन किया गया है।

पहले सीटें रिक्त होने पर सभी पैरेंट्स के बच्चों को ट्रांसफर की सुविधा थी। अब सिर्फ सरकारी नौकरी में पदस्थ पैरेंट्स के बच्चों को ही मिलेगी। प्राइवेट नौकरी में काम कर रहे लोगों के बच्चे इससे वंचित रहेंगे।

**प्रदेश में 37 और रायपुर में 3 केंद्रीय स्कूल**

प्रदेश में 37 और रायपुर में 3 केंद्रीय स्कूल हैं। इनमें एक WRS कॉलोनी, एक डीडी नगर और एक नया रायपुर में स्थित है। इसमें कक्षा पहली में प्रवेश के लिए बड़ी संख्या में आवेदन आते हैं। WRS केवी-1 की डिमांड राजधानी में ज्यादा रहती है। यहां दो शिफ्ट में कक्षाएं लगती है। दोनों ही शिफ्ट में हर कक्षा में 4-4 सेक्शन हैं। दोनों शिफ्ट में कक्षा पहली में 160-160 सीटें यानी कुल 320 सीटें हैं। डीडी नगर स्थित केंद्रीय विद्यालय में कक्षा पहली में 160 सीट हैं।

# सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सवार्थ साधिके शरण्येत्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते

# माँ सर्वमंगला देवी मंदिर दुरपा जिला-कोरबा

## माँ सर्वमंगला की आरती

जय अम्बे गौरी, मैया जय श्यामा गौरी ।
तुमको निशदिन ध्यावत, हरि ब्रह्मा शिवरी ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

मांग सिंदूर विराजत, टीको मृगमद को ।
उज्ज्वल से दोउ नैना, चंद्रवदन नीको ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

कनक समान कलेवर, रक्ताम्बर राजै ।
रक्त पुष्प गल माला, कंठन पर साजै ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

केहरि वाहन राजत, खड्ग खप्पर धारी ।
सुर-नर-मुनिजन सेवत, तिनके दुखहारी ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

कानन कुण्डल शोभित, नासाग्रे मोती ।
कोटिक चंद्र दिवाकर, सम राजत ज्योती ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

शुंभ-निशुंभ बिदारे, महिषासुर घाती ।
धूम्र विलोचन नैना, निशदिन मदमाती ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

चण्ड-मुण्ड संहारे, शोणित बीज हरे ।
मधु-कैटभ दोउ मारे, सुर भयहीन करे ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

ब्रह्माणी, रूद्राणी, तुम कमला रानी ।
आगम निगम बखानी, तुम शिव पटरानी ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

चौंसठ योगिनी मंगल गावत, नृत्य करत भैरो ।
बाजत ताल मृदंगा, अरू बाजत डमरू ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

तुम ही जग की माता, तुम ही हो भरता,
भक्तन की दुख हरता । सुख संपति करता ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

भुजा चार अति शोभित, वर मुद्रा धारी । [खड्ग खप्पर धारी]
मनवांछित फल पावत, सेवत नर नारी ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

कंचन थाल विराजत, अगर कपूर बाती ।
श्रीमालकेतु में राजत, कोटि रतन ज्योती ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

श्री अम्बेजी की आरति, जो कोई नर गावे ।
कहत शिवानंद स्वामी, सुख-संपति पावे ॥

## चैत्र वासंती नवरात्रि - 09 से 17 अप्रैल 2024



## सर्व सिद्धि प्रदात्रि माँ सर्वमंगला देवी

कोरबा शहर से लगी जीवनदायनी माँ हसदेव नदी के तट पर स्थित माँ श्री सर्वमंगला देवी मंदिर परिसर दुरपा कोरबा हसदेव नदी तट में विश्व कल्याण जगत माता जगदम्बिका मॉ श्री सर्वमंगला देवी की असीम अनुकम्पा से बसंत चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर श्री सर्वमंगला देवी की पवित्र भूमि में चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा दिन मंगलवार, दिनांक 09 अप्रैल 2024 से प्रारंभ होगा एवं बसंत चैत नवरात्रि पर्व शुक्ल पक्ष नवमी दिन बुधवार, दिनांक 17.04.2024 तक श्री सर्वमंगला देवी मंदिर में सर्वमनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित होंगे। प्रबंधक एवं व्यवस्थापक नन्हा पाण्डेय (नमन्) ने बताया कि सर्वकामना ज्योति कलश के अलावा सतचंडी यज्ञ, यज्ञोपवित संस्कार एवं जसगीत गायन, कीर्तन-भजन का आयोजन रखा गया है। समस्त धर्मानुरागियों से प्रार्थना है कि मातेश्वरी माँ श्री सर्वमंगला देवी के दर्शन लाभ चरणों में मनोकामना अर्पित कर अपना जीवन सफल बनावें। उक्त पुण्य कार्यो में तन-मन-धन से सहयोग देकर पुण्य यज्ञ को सफल बनावें। श्री सर्वमंगला देवी मंदिर में सर्वमनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित हेतु तैल्य ज्योति कलश हेतु 701/- रूपए एवं घृत ज्योति कलश के लिए 2100/- रूपए जमा कर मंदिर परिसर स्थित कार्यालय से रसीद प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा अन्य व्यक्ति यों एवं संस्थानों से सम्पर्क कर सकते हैं।



**मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्ज्वलित कर करें मनोकामना पूर्ण**

**घृत ज्योति कलश - रूपए 2100/-**

**तैल ज्योति कलश - रूपए 701/-**



माँ सर्वमंगला मंदिर परिसर दुरपा कोरबा, अविनाश स्टेशनरी, दर्री रोड कोरबा, मो. 7697777770, अविनाश ट्रेडर्स, दरी रोड कोरबा, मो. 98271-89511, जय माँ दक्षिणेश्वरी डेली नीड्स, बजरंग टाकीज के सामने, कोरबा- 9754926033, पवन जनरल स्टोर्स, उरगा-कोरबा, महामाया बुक डिपो, बालको- 243034, शारदा प्रोविजन स्टोर्स, इंदिरा कॉम्पलेक्स, जमनीपाली, रतन जनरल स्टोर्स, विकास नगर कसमुण्डा-272130, शंकर लाल दुबे, छुरीकला - 7898597355, गोपाल जनरल स्टोर, घुड़देवा- 7771899437, गायत्री मेडिको, निहारिका -9424141437, सरस्वती बुक डिपो, जूनाडीह -275888, मित्तल ऑटोमोबाईल्स, सुराकछार - 9425226745, गणेश ऑटो पार्ट्स एण्ड गणेश पान मसाला, बालको- 9893349692, 7999876704, नरेश चौहान, मुड़ापार 9098156287, सर्वमनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित हेतु तेल्य ज्योति कलश 701/- रू. एवं घृत ज्योति कलश 2100/- रू. जमा कर रसीद प्राप्त करें।

**असतो मा सद्गमय, तमसो मा ज्योतिर्गमय**



माँ सर्वमंगला देवी सबकी मनोकामना पूर्ण करें



**सभी श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन...**



चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा मंगलवार, 09.04.2024 शैलपुत्री देवी पूजन, नवरात्रि प्रारंभ, घट स्थापना, दीप प्रज्जवलित, वेदी पूजन, महाश्रृंगार रात्रि, भोग - गाय का घी, फल- संतान प्राप्ति।



चैत्र शुक्ल पक्ष द्वितीया बुधवार, 10.04.2024 ब्रम्हचारिणी देवी पूजन, भोग मिश्री, फल - मोक्ष प्राप्ति एवं महाश्रृंगार-रात्रि



चैत्र शुक्ल पक्ष तृतीया गुरूवार, 11.04.2024 चन्द्रघण्टा देवी पूजन भोग - गाय का दूध, खीर, फल - ऐश्वर्य प्राप्ति एवं महाश्रृंगार-रात्रि



चैत्र शुक्ल पक्ष चतुर्थी शुक्रवार, 12.04.2024 माँ कुष्माण्डा देवी पूजन भोग-मालपुआ, फल - शत्रुनाश एवं महाश्रृंगार-रात्रि



चैत्र शुक्ल पक्ष पंचमी शनिवार, 13.04.2024 माँ स्कन्द माता पूजन, भोग-केला फल, फल - आरोग्य प्राप्ति एवं महाश्रृंगार -रात्रि



चैत्र शुक्ल पक्ष षष्ठी रविवार, 14.04.2024 माँ कात्यायनी पूजन भोग-शहद, फल - शादी परिणय बंधन एवं महाश्रृंगार-रात्रि



चैत्र शुक्ल पक्ष सप्तमी सोमवार, 15.04.2024 कालरात्रि पूजन भोग - गुड़, फल - विजय प्राप्ति एवं महाश्रृंगार- रात्रि



चैत्र शुक्ल पक्ष अष्टमी मंगलवार, 16.04.2024 महागौरी पूजन, भोग - सूजी का हलवा, फल - धन प्राप्ति तथा पूर्णाहुति, हवन - सहस्त्रधारा, कपिला तर्पण, ब्राम्हणभोज, कन्याभोज



नवमी बुधवार,17.04.2024 सिद्धिदात्री पूजन, भोग-धान, तिल-लाई, फल-वाणी सिद्धि प्राप्ति तथा सम्पूर्ण नवरात्रि एवं जवारा कलश विसर्जन, शाम 05:00 बजे।

**नोट:** चैत्र नवरात्रि पर्व 09.04.2024, मंगलवार से प्रारंभ होगा। ज्योति कलश हेतु 2100/- रूपये जमा कर रसीद लेवें सर्वमनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलन हेतु तैल्य ज्योति कलश 701/- रूपये एवं घृत सर्वमनोकामना ज्योति कलश का हवन दिनांक 16.04.2024, मंगलवार को होगा। जवारा कलश विसर्जन, पूर्णाहुति, सहस्त्रधारा, कपिलातर्पण, सजीयादान दिनांक 17.04.2024, बुधवार को होगा। माँ सर्वमंगला की मंगल आरती प्रतिदिन प्रातः काल एवं संध्या 7.00 बजे होगी । माँ का भोग प्रसाद प्रतिदिन दोपहर 12.00 बजे होगा। कृपया ज्योति कलश दर्शन कतारबद्ध होकर करें एवं रसीद साथ लावें। कृपया अपने सामानों की रक्षा स्वयं करें। माँ सर्वमंगला देवी का मंगल श्रृंगार प्रतिरात्रि 11.00 बजे होगी। प्रतिदिन भजन, कीर्तन एवं माता जसगीत अखंड रूप से चलता रहेगा। श्री सर्वमंगला देवी मंदिर परिसर में नवरात्रि पर्व पर सुबह-शाम भंडारे का आयोजन रखा गया है। श्री सर्वमंगला देवी मंदिर परिसर के पास दुकान लगाने के इच्छुक व्यापारीगण सादर आमंत्रित हैं। कृपया पुजारी / प्रबंधक से संपर्क करें। ज्योति कलश नवरात्रि पर्व का प्रसाद मंदिर परिसर कार्यालय से प्राप्त करें।

**मंदिर परिसर में**

**प्लास्टिक थैले का उपयोग न करें।**

**परिसर को स्वच्छ रख कर सहयोग करें।**

# राजपुरोहित पं. नमन पाण्डेय (नन्हा)

## प्रबंधक एवं व्यवस्थापक

# श्री सर्वमंगला देवी मंदिर परिसर

## दुरपा, कोरबा जिला - कोरबा

स्वामी , प्रकाशक ,मुद्रक युधिष्ठिर राजवाड़े द्वारा आकाश आफसेट टीपी नगर कोरबा से मुद्रित कर प्रेस क्लब भवन के सामने रिकाण्डो रोड कोरबा से प्रकाशित संपादक युधिष्ठिर राजवाड़े मो.नं.-98266-47851 आरएनआई नंबर CHHHIN/2010/47078 Email :-divyaakash.news@gmail.com